भाद्रपद कृष्ण पक्ष-08, 2080 | dopaharmetro | epaper.dopaharmetro.com | dopaharmetro | वर्ष-07 , अंक - 84 | पेज 8, मूल्य 2 रुपए

डाक पंजीयन क्रमांक: म.प्र./4-474/2021-23

भोपाल
07 सितंबर 2023 गुरुवार

आज का मौसम
32 अधिकतम
24 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर

# दोपहर मेट्रो



जन्माष्टमी आज

## आज भारत जोडो यात्रा का एक साल

# ...तब तक मेरी यात्रा जारी रहेगी

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

कांग्रेस व राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा शुरू होने की आज पहली वर्षगांठ है। इस मौके पर राहुल ने कहा कि 'देश में नफरत खत्म होने तक यात्रा जारी रहेगी। एकता और प्रेम की ओर भारत जोड़ो यात्रा के करोड़ों कदम देश के बेहतर कल की नींव बन गए हैं।' ज्ञात हो कि अक्टूबर से यात्रा के दूसरे चरण के आसार भी है।



सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि 'यात्रा जारी है जब तक नफरत खत्म नहीं हो जाती, जब तक भारत एकजुट नहीं हो जाता। यह मेरा वादा है।' ज्ञात हो कि राहुल ने कन्याकुमारी से कश्मीर तक करीब 4हजार किलोमीटर की पैदल यात्रा की थी। इस दौरान राहुल गांधी ने 12 सार्वजनिक बैठकें की, 100 से अधिक नुक्कड़ सभाएं और 13 प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। इस यात्रा से उनकी छवि एक परिपक्व नेता की बनी है। इससे पहले राहुल गांधी की राजनीतिक प्रतिबद्धताएं सवालों के घेरे में रहती थीं। आज इस मौके पर कांग्रेस कार्यकर्ता इस मौके पर देश भर में पैदल मार्च करने जा रहे हैं. ये कार्यक्रम जिला स्तर पर होने जा रहा है। वहीं आज राहुल विदेश यात्रा पर रवाना हो रहे हैं वे चार देशों में जायेगे और प्रवासी भारतीयों से मिलेंगे तथा छात्रों को संबोधित करेंगे। शुरूआत बेल्जियम से होगी।

## सनातन धर्म पर अब राजा के बिगड़े बोल

**नई दिल्ली ।** सनातन पर विवादास्पद बयानों का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन के बाद




डीएमके सांसद ए राजा ने सनातन की तुलना एचआईवी से की है। उधर, बिहार में सत्ताधारी गठबंधन में शामिल राजद नेता जगदानंद ने कहा कि तिलक लगाकर घूमने वालों ने भारत को गुलाम बनाया है. उन्होंने कहा, देश में मंदिर बनाने से काम नहीं चलेगा.

दरअसल, इससे पहले उदयनिधि स्टालिन ने सनातन की तुलना डेंगू, मलेरिया से की थी। पहले ही उदयनिधि के इस बयान पर देशभर में सियासी बवाल मचा है। बीजेपी उदयनिधि के बयान को लेकर विपक्षी गठबंधन 'INDIA' पर निशाना साध रही है।

## तालिबान ने पाक के गांवों पर किया कब्जा

**नई दिल्ली ।** तालिबान को पाल-पोसकर बड़ा करने वाला पाकिस्तान अब तालिबान को अपने गले की फांस बनता देख रहा है। तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने पाकिस्तान के



खिलाफ खुली जंग छेड़ दी है। अफगानिस्तान से सटे तोरखम बॉर्डर टर्मिनल पर पाकिस्तानी सेना और टीटीपी के बीच भीषण गोलीबारी हो रही है। अब तक पाकिस्तान के 4 सैनिकों की मौत हो चुकी है। वहीं, कई सैनिकों को बंधक बनाने की बात भी सामने आई है। एहतियात के तौर पर पाकिस्तान ने तोरखम बॉर्डर को सील कर दिया है। खबरों के मुताबिक तहरीक-ए-तालिबान के एक कमांडर ने अफगानिस्तान मीडिया को बताया कि उन्होंने पाकिस्तान के कई गांवों पर कब्जा कर लिया है।

## अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के मौके पर भोपाल में राष्ट्रीय कार्यक्रम

# हवा साफ रखने शासन-समाज के साथ व्यक्तिगत रोल अहम

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

अंतरराष्ट्रीय स्वच्छ वायु दिवस के मौके पर आज मुख्यमंत्री शिवराज सिंह ने यहां कहा कि प्रकृति से उतना ही लेना चाहिये, जितने की वह स्वयं भरपाई कर ले, वहीं केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र सिंह यादव ने कहा कि प्रकृति के संरक्षण व संवर्धन के लिये तीन वर्ग के रोल अहम होते हैं, यह हैं- शासन,समाज और व्यक्तिगत प्रयास। केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय द्वारा मप्र के सहयोग से इस राष्टीय कार्यक्रम का आयोजन कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश के पर्यावरण मंत्री हरदीप सिंह डंग भी शामिल रहे। यह ह कार्यक्रम पहली बार भोपाल में आयोजित किया जा रहा है। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने खास तौर पर भोपाल की सफाई का जिक्र करते हुए कहा कि इसे देश की स्वच्छतम राजधानियों में शुमार किया जाता है। कार्यक्रम में नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की सफलता की





कहानियों पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें मिशन लाइफ, गौ-काष्ठ, अपशिष्ट प्रबंधन, कार्बन कैप्चर, प्रदूषण नियंत्रण के उपाय, प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, क्लीन एयर प्रोजेक्ट, सेल्फी कियोस्क, सीमेंट उद्योग में प्रदूषण नियंत्रण, भीमा बांस रोपण आदि स्टाल लगाए गए हैं।

**शहरों को मिला पुरस्कार:** इस कार्यक्रम में स्वच्छ वायु सर्वेक्षण-2023 में प्रथम तीन स्थान पाने वाले शहरों को भी पुरस्कृत किया गया। मध्यप्रदेश ने इसमें विशेष सफलता हासिल की है। दस लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में इंदौर ने प्रथम और भोपाल ने 5वां स्थान, जबलपुर ने 13वां और ग्वालियर ने 41वां स्थान प्राप्त किया है। तीन से 10 लाख तक शहरों की श्रेणी में सागर को देश में 10वां और 3 लाख से कम आबादी वाले शहरों में देवास को 6वां स्थान मिला है।

## सुजारा डैम के गेट खोले, धसान उफनी



**मध्यप्रदेश** में 3 दिन से हो रही बारिश ने दिन और रात के तापमान में गिरावट आ गई है। भिंड के बाद अब नरसिंहपुर में भी सामान्य बारिश का कोटा पूरा हो चुका है। बुधवार को भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 20 जिलों में पानी गिरा। आज भी दिनभर ऐसा ही मौसम रहेगा। भोपाल, जबलपुर में सुबह से रुक-रुक कर बारिश हो रही है। अब तक सूखे चल रहे इंदौर संभाग के खरगोन और बड़वानी में आज अति भारी बारिश का अलर्ट है। बुरहानपुर, नर्मदापुरम, धार और देवास में तेज बारिश होने का अनुमान है। आईएमडी भोपाल ने भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत प्रदेश के 31 जिलों में बारिश का अनुमान जताया है।

## अब पत्रकारों पर बरसीं शिवराज की इनायतें

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

चुनाव के पहले कमोबेश हर वर्ग के लिये राहतों की घोषणा कर रहे मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज पत्रकारों के लिये भी कुछ राहतों का ऐलान किया। अपने निवास पर मीडिया से मुखातिब शिवराज ने कहा कि अब अस्वस्थ होने पर पत्रकार को तत्काल आर्थिक सहायता के रूप में 40हजार किया जाएगा तथा गंभीर स्थिति में पचास हजार के स्थान पर एक लाख रुपये दिये जायेंगे। इसी प्रकार सम्मान निधि की राशि अब 20हजार होगी। पत्रकार के निधन पर परिवार को आठ लाख दिये जायेंगे तथा आवास ऋण ब्याज अनुदान की सीमा बढ़कर अब तीस लाख होगी। उन्होंने आवासों के लिये पत्रकारों की समिति को भूमि देने व मालवीय नगर में पत्रकार भवन की जमीन पर स्टेट मीडिया सेंटर बनाने की बात कही।

# मंत्री के घर मर्डर में पिस्टल पर दो लोगों के फिंगर प्रिंट मिले

**लखनऊ , एजेंसी।**

केंद्रीय राज्य मंत्री कौशल किशोर के घर में हुए मर्डर के मामले में एक और खुलासा हुआ है। फॉरेंसिक टीम को मंत्री के बेटे विकास किशोर की पिस्टल पर हत्या करने वाले अंकित वर्मा के फिंगर प्रिंट के अलावा एक और व्यक्ति के फिंगर प्रिंट मिले हैं। जांच में एक फिंगर प्रिंट आरोपी अंकित का होने की पुष्टि हुई है, जबकि दूसरे की जांच हो रही है. आशंका है कि दूसरा आरोपी अजय रावत का है। इस बीच विकास किशोर का शस्त्र लाइसेंस निलंबित कर दिया गया है। पुलिस ने इससे पहले विकास के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 30 के तहत केस दर्ज किया था.



साथ ही पूछताछ के लिए थाने बुलाया था, जहां उससे करीब डेढ़ घंटे सवाल जवाब हुए थे. इस दौरान विकास ने खुद को बेकसूर बताया था।

## गहलोत ने मोदी-मोदी के नारे सुन काफिला रुकवाया

**भीलवाड़ा, एजेंसी।**

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कल शाम भीलवाड़ा में एक जगह भीड़ देखकर अपना काफिला रूकवा लिया। दरअसल इस दौरान लोगों



ने मुख्यमंत्री गहलोत के सामने 'मोदी-मोदी' के नारे लगाना शुरू कर दिया था। ऐसा देख मुख्यमंत्री अपने वाहन से बाहर आए और मुस्कराकर नारेबाजी कर रहे लोगों का अभिवादन कर आगे बढ़ गए। वे नगर परिषद के महाराणा प्रताप सभागार में मिशन 2030 को लेकर उद्यमियों के साथ संवाद करने पहुंचे थे।

# आय से ज्यादा खर्च..दिवालिया हुआ ब्रिटेन का दूसरा सबसे बड़ा शहर

**लंदन , एजेंसी।**

ब्रिटेन के दूसरे सबसे बड़े शहर बर्मिंघम ने खुद को दिवालिया घोषित कर दिया है। बर्मिंघम सिटी काउंसिल ने खुद इसे कबूल किया है और धारा 114 नोटिस दायर किया। इस नोटिस के मुताबिक, शहर में आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी खर्चों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है।



बर्मिंघम ने कुल 954 मिलियन डॉलर के समान वेतन के दावे जारी होने के बाद सभी गैर-जरूरी खर्च बंद कर दिए हैं तथा खुद को दिवालिया घोषित किया है। सिटी काउंसिल की ओर से दायर किए गए नोटिस में इसका कारण बताते हुए कहा गया है कि समान वेतन दावों की लागत के कारण वर्तमान में यह नकारात्मक आर्थिक स्थिति बनी है। साफ शब्दों में समझें तो बर्मिंघम सिटी काउंसिल के पास जितने भी वित्तीय संसाधन हैं, उनसे ज्यादा उस अवधि के भीतर खर्च हो गया है। ये बड़ा कारण है कि शहर ने खुद को दिवालिया घोषित करते हुए आवश्यक सेवाओं को छोड़कर सभी खर्चों पर रोक लगा दी है।

## यूएनओ ने कहा

# भारत का नाम बदलने का प्रस्ताव मिला तो विचार होगा

**न्यूयॉर्क।** देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करने की चर्चा के बीच संयुक्त राष्ट्र की प्रतिक्रिया भी आई है। एक शीर्ष अधिकारी ने कहा कि जब भी कोई देश अपना नाम बदलने की अनुरोध करता है, तो संयुक्त राष्ट्र इस पर विचार करता है। खबरों के मुताबिक महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के उप प्रवक्ता फरहान हक ने तुर्की द्वारा अपना नाम



बदलकर तुर्किये रखने और संयुक्त राष्ट्र के औपचारिक अनुरोध पर सहमत होने का उदाहरण दिया है। हक ने कहा कि तुर्किये के मामले में हमने वहां की सरकार द्वारा दिए गए औपचारिक अनुरोध का जवाब दिया। जाहिर है, अगर भारत से भी हमें इस तरह के अनुरोध मिलता है, तो हम उस पर विचार करते हैं। इंडिया का नाम बदलकर भारत करने की बात सबसे पहले राष्टीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कही थी।

## जवान रिलीज

# सौ करोड़ रुपए के आंकडे की आहट

**मुंबई , एजेंसी।**

अभिनेता शाहरुख खान की चर्चित फिल्म 'जवान' आज सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। छह महीने पहले पठान के बाद खान की इस फिल्म की एडवांस



बुकिंग के आंकडों से फिल्म ट्रेड विश्लेषकों ने 70 से सौ करोड़ के बीच पहले दिन के कारोबार का अंदाजा व्यक्त किया है। 'जवान' को साउथ के हिट डायरेक्टर एटली ने बनाया है। शाहरुख का डबल रोल है। इस फिल्म के पहले ही गदर ने तीन सप्ताह में पांच सौ करोड़ का कारोबार किया है, वहीं ओएमजी ने डेढ सौ करोड़ कमाए हैं।

## मेट्रो एंकर

अब देश के नाम को लेकर एक नई बहस का दौर है। माना जा रहा है कि मोदी सरकार संविधान में संशोधन कर 'इंडिया' शब्द हटा सकती है। मगर दिलचस्प यह है कि आठ साल पहले मोदी सरकार ने देश के नाम को सिर्फ 'भारत' किए जाने का विरोध भी किया था।

# जज्बात बदले... इंडिया V/S भारत पर भाजपा व विपक्ष दोनों का यू-टर्न!

**नई दिल्ली , एजेंसी।**

नामों की जरूरत को लेकर विलियम शेक्सपियर ने जो लिखा था- नाम में क्या रखा है? गुलाब को किसी भी नाम से पुकारें,उसकी खुशबू वही रहेगी। मगर राजनीतिक क्षेत्रों के ज्यादातर लोग शेक्सपियर की इस बात से सहमत नहीं नजर आते, क्योंकि देश में शहरों,कस्बों,,पुराने स्थलों के नाम बदलने का दौर लंबे समय से जारी है। अब देश के नाम को लेकर फिर बहस का दौर है। यानि देश का नाम सिर्फ 'भारत' ही करके 'इंडिया' शब्द हटा दिया जाए। बहस का जन्म राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू की ओर से भेजे गए इन्विटेशन कार्ड पर 'प्रेसिडेंट ऑफ भारत' लिखे जाने से हुआ है क्योंकि अब तक 'प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया' लिखा जाता था।

हालांकि 'भारत' आज केंद्र की जो मोदी सरकार देश का नाम 'भारत' किए जाने का समर्थन कर रही है, उसने ही आठ साल पहले सुप्रीम कोर्ट में इसका विरोध किया था।



### कैसे शुरू हुई थी यह बहस?

वैसे भी भारत के कई नाम रहे हैं। मुगलकाल में इसे 'हिंदुस्तान' कहा जाता था। अंग्रेज 'इंडिया' बुलाते थे, आजादी के बाद संविधान सभा में इसी बहस की शुरुआत 1949 में हुई व एचवी कामथ ने कहा कि उन्होंने अनुच्छेद-1 में संशोधन का प्रस्ताव दिया है। यह अनुच्छेद-1 कहता है- 'इंडिया दैट इज भारत।' उन्होंने 'हिंदुस्तान, हिंद, भारतभूमि और भारतवर्ष' जैसे नाम सुझाए। उस दिन कमलापति त्रिपाठी और डॉ. बीआर अंबेडकर के बीच तीखी बहस भी हुई थी। त्रिपाठी ने कहा था, 'देश हजारों सालों तक गुलामी में था अब इस आजाद देश को अपना नाम फिर से हासिल होगा।' तभी अंबेडकर ने टोकते हुए कहा, 'क्या ये सब जरूरी है?' हालांकि,जब संशोधन के लिए वोटिंग हुई तो इसके पक्ष में 38 और विरोध में 51 वोट पड़े यानि प्रस्ताव गिर गया व 'इंडिया दैट इज भारत' बना रहा।

दरअसल, 2015 में सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर हुई व देश का नाम 'इंडिया' की बजाय सिर्फ 'भारत' करने की मांग हुई। तब केंद्र सरकार ने याचिका का विरोध किया व नवंबर 2015 में अपने जवाब में कहा कि देश को 'इंडिया' की बजाय 'भारत' कहने की जरूरत नहीं है, क्योंकि संविधान के प्रारूप के दौरान संविधान सभा में देश के नाम को लेकर लंबी बहस हो चुकी है और अनुच्छेद-1 को सर्वसम्मति से अपनाया गया था। तब 11 मार्च 2016 को सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया। तत्कालीन चीफ जस्टिस टीएस ठाकुर ने कहा - 'भारत और इंडिया आप भारत बुलाना चाहते हैं तो बुलाइए, अगर कोई इंडिया कहना चाहता है तो उसे इंडिया कहने दीजिए।' खास बात यह कि 2020 में फिर से सुप्रीम कोर्ट में ऐसी ही याचिका दायर हुई तो कोर्ट ने इस याचिका को भी खारिज किया व तत्कालीन चीफ जस्टिस एसए बोबड़े ने कहा- 'भारत और इंडिया, दोनों ही नाम संविधान में दिए गए हैं। संविधान में देश को पहले ही भारत कहा जाता है.'

### कभी मुलायम व कांग्रेस ने भी की यही वकालत

2004 में उप्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव ने विधानसभा में देश का नाम 'भारत' किए जाने को लेकर प्रस्ताव रखा तथा 'भारत दैट इज इंडिया' करने की मांग की। तब विपक्ष में बैठी भाजपा ने जमकर विरोध किया था तथा वोटिंग के दौरान भाजपा ने वॉकआउट तक किया। फिर 2010 और 2012 में कांग्रेस के सांसद शांताराम नाइक ने राज्यसभा में दो प्राइवेट बिल पेश कर संविधान में हर जगह से 'इंडिया' शब्द हटाने की मांग की। फिर 2015 में योगी आदित्यनाथ ने भी लोकसभा में एक प्राइवेट बिल पेश कर 'इंडिया दैट इज भारत' की जगह 'इंडिया दैट इज हिंदुस्तान' करने का प्रस्ताव रखा था।

# जन्माष्टमी पर लखेरापुरा से निकली भव्य शोभायात्रा



**भोपाल।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव के अवसर पर आज शोभायात्रा निकल रही है। यह दोपहर श्रीजी मंदिर लखेरापुरा में पूजा अर्चना के बाद तिलक उत्सव और महा आरती के बाद धर्म ध्वजाओं के तले निकली है। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट दीपेश श्रीवास्तव अध्यक्ष नितिन जैन बंटी ने बताया 21 स्थान पर मटकी फोड़ का आयोजन भी होगा श्री हरिहर महोत्सव समिति के तत्वावधान में निरंतर 11वीं वर्ष परंपरागत मार्ग से शोभायात्रा निकलेगी। विभिन्न सामाजिक और व्यापारिक संस्थाओं द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया जाएगा

### सुबह 6 बजे से शुरू हुए मंदिरों में विशेष आयोजन

# राजधानी में दुर्लभ संयोग के बीच मन रही जन्माष्टमी, कई चल समारोह

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

राजधानी में आज श्रीकृष्ण जन्माष्टमी आज धूमधाम से मनाई जा रही है। इस बार दुर्लभ संयोग के तहत पूजा अर्चना हो रही हैं। आज सुबह से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर धार्मिक अनुष्ठान शुरू हो गये हैं। भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव का उत्साह व उल्लास राजधानी के मंदिरों में नजर आ रहा है। घर-घर पर लोग लड्डू गोपाल का स्वागत कर रहे हैं। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को श्रीकृष्ण मंदिर यादव समाज बरखेड़ी में आमंत्रित किया गया। वहीं शहर की अलग-अलग मंदिर समितियों ने गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया है। मंदिरों की साज-सज्जा की गई है। जन्माष्टमी को देखते हुए बाजारों में भी ग्राहकों की चहल-पहल है।

**सुबह स्नान:** श्रीजी मंदिर लखेरापुरा में गुरूवार सुबह छह बजे पंचामृत स्नान के बाद भगवान श्रीकृष्ण का तिलक उत्सव किया गया। इसके बाद यहां से एक चल समारोह निकाला जायेगा। यह चल समारोह लोहा बाजार, जुमेराती, मंगलवारा, इतवारा, चौक होता हुआ भवानी चौक सोमवारा पहुंचेगा। चल समारोह मार्ग में 21 स्थानों पर मटकियां बांधी गई है। चल समारोह में शामिल ग्वाल गोपाल मटकियां फोड़ते हुए चलेंगे। अहीर यादव समाज की ओर से राधा कृष्ण का चल समारोह निकाला जा रहा है। यह राधाकृष्ण मंदिर अहीरपुरा बरखेड़ी से शुरू हुआ है। इसमें अनेक झांकियां, ढोल, बैंड तासे और बड़ी संख्या में भक्त शामिल हैं। जिंसी चौराहा, जैन मंदिर, काली घाट, इतवारा, घोड़ा नक्कास, होते हुए चल समारोह वापस राधाकृष्ण मंदिर पहुंचेगा।





### श्रीराम मंदिर में पालकी में विराजेगे श्रीकृष्ण

पुराने शहर स्थित प्राचीन श्रीराम मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर कई धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। रात आठ बजे से गीता और सहस्त्रार्चन पाठ होगा। इसके बाद महिलाएं और कन्याएं भगवान कृष्ण की प्रतिमा को पालकी में रखकर झूलाएगे। इस मौके पर मंदिर में भण्डारे का प्रबंध किया गया है।

***बिड़ला मंदिर में विशेष श्रृंगार:** शहर के सबसे बड़े मंदिरों में से एक बिड़ला मंदिर में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर लक्ष्मी-नरायाण का विशेष श्रृंगार किया गया है। पूरे मंदिर को विद्युत लाइटों से सजा दिया गया है। साथ ही मंदिर में श्रद्धालुओं की भी देखते हुए व्यवस्था की गई है।*

## बुदनी-बरखेड़ा तीसरी लाइन पर इस वर्ष के अंत तक ट्रेनें दौड़ना मुश्किल!



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

बुदनी से बरखेड़ा के बीच तीसरी रेल लाइन का काम समय पर पूरा होने के आसार कम होने लगे हैं। हालांकि पूरी तेजी से काम की कोशिश हो रही है ?फिर भी माना जाने लगा है कि इस लाइन पर ट्रेनों को दौड़ने में अब भी छह माह से लेकर एक वर्ष तक का समय लग सकता है। हालांकि घाट सेक्शन वाले इस रेलखंड में चुनौतीपूर्ण कामों को पूरा हुए करीब एक वर्ष गुजरने को है। यहां सबसे कठिन काम सुरंगे बनाना, जो कि सभी सुरंगे बन चुकी है। इनके नीचे पटरियां डाली जा चुकी है। ट्रैक के नीचे पुल व पुलिया बनाना था, इनमें से करीब 90 प्रतिशत तक काम पूरा हो चुका है। लेकिन अब भी ट्रैक अधूरा है। अब तक करीब 25 किलोमीटर लंबे इस रेलखंड में पटरी बिछाने का काम 100 प्रतिशत तक पूरा नहीं हुआ है।

**काम पूरा होने के बाद और लगेंगे चार से छह माह:** रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों का कहना है कि उक्त् सेक्शन में काम पूरा होने के बाद भी चार से छह माह का अतिरिक्त् समय लगेगा। यह समय ट्रैक की गुणवत्ता जांचने में लगेगा। इसकी अनुमति आयुक्त रेल संरक्षा देते हैं, जो कि प्रत्यक्ष ट्रैक को जांचते हैं। यदि कमी मिली तो उसे पूरा भी कराते हैं। इस तरह समय लग जाता है।

## सबधाणी कोचिंग में टैलेंट हंट शो, शिक्षकों का सम्मान

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर सबधाणी कोचिंग इंस्टिट्यूट में टैलेंट शो-2023 का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने अपने गुरुजनों के सामने डांस, फैशन शो, मिमिक्री, फैंसी ड्रेस, गायन से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।



इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने जैसे ही अपनी प्रतिभा दिखानी शुरू की उनके शिक्षक भी थिरकने से अपने आप को रोक ना सके। उन्होंने भी इस मुमेंट को खूब इंजॉय किया। इस अवसर पर सबधाणी ने कहा कि विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, केवल इसका मौका मिलने की बात होती है। आज शिक्षक दिवस पर विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के सामने अपनी कला का जौहर दिखाया है, और हमारा यही प्रयास आगे चल कर विद्यार्थी व शिक्षक के बीच में समन्वय बढ़ाने के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इस अवसर पर सबधाणी द्वारा सभी शिक्षकों को सम्मानित भी किया गया।

## साधना की याद में गीत-साधना

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

मुस्कान क्लब सिंगर्स ने अभिनेत्री साधना की 82 वीं जयंती पर अवधपुरी में गीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया। इनमें सुमन सेंगर , मोना



सक्सेना,स्मिता सेन मोहन बेलानी, संजय तिवारी, मनीषा बुधौलिया, एलएल दांडे, रमेश चंदानी, कुलदीप सिंह ,राम हरदासानी और शालिनी भारसकरे आदि शामिल थे। साधना की बायोग्राफी के लेखक अशोक कुमार ने गीतों की पृष्ठभूमि और साधना के अभिनय के आयामों की जानकारी दी। मुस्कान म्यूजिक क्लब द्वारा अब आगामी 10 सितंबर को पॉलिटेक्निक सभागार में साधना की जन्म तिथि के अवसर पर गीतों भरी शाम पेश की जाएगी,। इस कार्यक्रम की विशेष अतिथि गायिका संदीप पारे और डीएसपी रेल बिट्टू शर्मा होंगी।

### शिक्षकों में भी सीखने का भाव होना जरूरी- महेश

## 120 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान



**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

एलवीएस एज्यूकेशनल सोसायटी की शिक्षण संस्थाओं के 120 शिक्षक-शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। साथ ही जन्माष्टमी का भी आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से दीप प्रज्ज्वलन एवं एवं माल्यार्पण के साथ हुई। मुख्य अतिथि के रूप में जीव सेवा संस्थान के सचिव महेश दयारामानी एवं संस्था के कोषाध्यक्ष मनोहर वासवानी थे। इस अवसर पर वासवानी ने कहा कि शिक्षक देश की रीढ़ है। वह अगर ईमानदारी से कार्य करें तो देश का भविष्य बदल सकता है। दयारामानी ने कहा कि शिक्षकों में भी सीखने का भाव नितांत होना चाहिए तभी वे अपने बच्चों को कुछ नया दे पाएगें। उन्होंने यह भी बताया कि विद्यार्थियों को जिज्ञासु प्रवृत्ति का होना चाहिए।

### श्री कृष्ण दजन्माष्टमी

विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व भी उत्साह पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर छोटे.छोटे बच्चे बाल कृष्णए राधा और बलराम की वेशभूषा में आए थे और प्रेरणा किरण पब्लिक स्कूल में मटकी फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया था। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत संस्था के सचिव रमेश हिंगोरानी, संचालक योगेश हिंगोरानी एवं प्रशासनिक अधिकारी नीलेश हिंगोरानी ने किया।

**मेट्रो एंकर**

### साधु वासवानी स्कूल में मनी कृष्ण जन्माष्टमी

# राधा कृष्ण बने बच्चे, जाना कृष्ण का जीवन दर्शन

**हिरदाराम नगर, दोपहर मेट्रो।**

साधु वासवानी स्कूल में जन्माष्टमी का पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत परंपरागत तरीके से हुई। शिक्षाविद् विष्णु गेहानी ने गीता में श्रीकृष्ण भगवान ने कहा है कि कर्म करें परंतु फल की इच्छा न करें, क्योंकि कर्म का फल हमें किसी न किसी रुप में अवश्य मिलता है। यह सभी को याद रखना चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में जिला उपाध्यक्ष राम बंसल कहा कि विद्यालय में बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ धार्मिक आयोजन व राष्टीय पर्व मनाने से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता मप्र आवास संघ के पूर्व अध्यक्ष सुशील वासवानी ने की। उन्होंने कहा कि भारत एक अध्यात्मक देश है यहां पर हर पर्व को बड़े ही धूमधाम से मनाया जाता है। संस्कार स्कूल के सचिव बसंत चेलानी, राजकुमारी चोटरानी बोरवन क्लब के अध्यक्ष जगदीश आसवानी ने विचार व्यक्त किए। बच्चे राधा कृष्ण का स्वरूप रख विद्यालय आए। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर एक सुंदर झलकी प्रस्तुत की गई श्री कृष्ण की बाल लीलाओं को दर्शाया गया।




### पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता हुई

**संत** हिरदाराम इंस्टिट्यूट ऑफ़ मैनेजमेंट में कृष्ण जन्माष्टमी का उत्सव उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। कल्चरल क्लब के तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता हुई, जिसमें छात्राओं ने विभिन्न प्रांतों की वेशभूषा, नृत्य रूप एवं प्रॉप को प्रस्तुत किया, जो भारतीय संस्कृति पर आधारित थी। उसके पश्चात



मटकी सजावट प्रतियोगिता का आयोजन हुआए जिसमें छात्राओं ने अपनी क्रिएटिविटी के द्वारा मटकियों को विभिन्न प्रकार से सजाया। कार्यक्रम के अंत में एकल नृत्य प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें प्रतिभागियों ने नृत्य की विभिन्न विधाओं को मंच पर प्रस्तुत किया। उक्त सभी कार्यक्रमों में निर्णायक मंडल ने सभी प्रतिभागियों की तारीफ प्रशंसा की एवं उन्हें भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने के लिए प्रेरित किया।

## शिक्षक दिवस पर लायन क्लब से जुड़े टीचर्स का सम्मान



**हिरदाराम नगर।** लायन्स इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233 जी2 ने शिक्षक लायन साथियों का सम्मानित किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर लायन जेपीएस जोहर थे।

संतनगर से लायन्स क्लब भोपाल मन्नत से तीन लायन साथियो को सम्मानित किया गया। लायन किरण वाधवानी को विगत 42 वर्षो से शिक्षा के क्षेत्र में दिव्य देने के लिए सम्मानित किया गया साथ ही सीमा और नैना वाधवानी को भी सम्मानित किया गया। यह सम्मान जेपीएस जोहर के साथ ज्ञान देव मिश्रा, अनिता मिश्रा और रामबाबू भोपाल कोआर्डिंटर ने प्रदान किया । कार्यक्रम में कैबिनेट सेकेटरी अलका, विजय पास्ट डिस्टिक गवर्नर कमल भंडारी, महेश मालवीय, किरण साहूए गगन कांत त्रिपाठी आदि उपस्थित थे।



# अफसरों की कमी से जूझ रहा महकमा, खत्म होगा डेपुटेशन

■ वन विभाग में शीर्ष स्तर पर प्रभार का खेला खत्म होगा

भोपाल , दोपहर मेट्रो।

जंगल महकमे में एपीसीसीएफ स्तर के अफसरों की कमी के चलते प्रतिनियुक्ति पर विभाग से बाहर पदस्थ आयुक्त मत्स्य महासंघ पीएल धीमान, फेडरेशन में पदस्थ बिभास ठाकुर और सतपुड़ा टाइगर के फील्ड डायरेक्टर एवं अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एल कृष्णमूर्ति की मुख्यालय में वापसी के आसार बनने लगे हैं। अभी अफसरों की कमी के चलते यह आलम है कि एक-एक अफसर के पास के पास एक से अधिक शाखाओं का प्रभार है। इनमें से अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक यूके सुबुद्धि ऐसे आईएफएस अधिकारी हैं, जिनके पास सबसे अधिक महत्वपूर्ण शाखाओं का प्रभार है, मसलन, विकास शाखा के साथ-साथ वित्त एवं बजट, जेएफएम और बैंबू मिशन।

दरअसल, विभाग मे फील्ड में भी डीएफओ और एसडीओ के कई पद रिक्त हैं। इस वक्त टीकमगढ़, राजगढ़, होशंगाबाद, जबलपुर, रतलाम, धार और बैतूल उत्पादन डिवीजन में डीएफओ के पद रिक्त है। सूत्रों की मानें तो पदस्थापना प्रस्ताव पर मंत्री और मंत्रालय के बीच सहमति नहीं बन पाने के कारण पिछले दो महीने से पद खाली हैं। डीएफओ की पोस्टिंग नहीं होने के कारण डिवीजन भी प्रभार में चल रहे हैं। मसलन, अनुपम सहाय की पदस्थापना वन संरक्षक शिवपुरी सर्कल में किए जाने के बाद भी राजगढ़ डीएफओ का प्रभाव उनके पास है। इसी प्रकार वन संरक्षक वर्किंग प्लान इंदौर आदर्श श्रीवास्तव को रतलाम डिवीजन का प्रभार दिया गया है। डिंडोरी उत्पादन डिवीजन में पदस्थ कमल सिंह मसराम को जबलपुर जैसा बड़ा डिवीजन का प्रभार है तो सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के उपसंचालक संदीप फेलोज के पास नर्मदापुरम डिवीजन का प्रभार है।

इधर एपीसीसीएफ स्तर के अफसरों की कमी के चलते बीएस अन्नागिरी के पास सबसे अधिक शाखाओं का प्रभार है। वे आईटी के अलावा भू अभिलेख, ग्रीन इंडिया मिशन, सामाजिक वानिकी और उत्पादन शाखा का अतिरिक्त प्रभार संभाले हैं। एपीसीसीएफ क्षेत्रीय वर्किंग प्लान कोमोलिका मोहंता को शिकायत एवं सतर्कता का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। शशि मलिक और मोहन मीणा ऐसे अफसर हैं, जिन्हें कोई भी अतिरिक्त प्रभार नहीं दिया गया है। माना जाता है कि विभाग की अंदरूनी उठापटक के चलते दोनों अफसर विभाग के मुख्य धारा के हाशिए पर धकेल दिए गए हैं। इसी तरह 89 बैच के सबसे सीनियर आईएफएस अफसर एचयू खान भी पीसीएफएफ के पद पर प्रमोट हो चुके हैं किंतु उन्हें विभाग बदर किया जा रहा है। वन मंत्री विजय शाह उन्हें राज्य वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर में प्रतिस्थापन करना चाह रहे हैं।




### वापसी के पहले पोस्टिंग का प्रस्ताव

बताया जाता है कि प्रतिनियुक्ति पर मत्स्य महासंघ में पदस्थ पीएल धीमान की मूल विभाग में वापसी के बाद उन्हें अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक भू-प्रबंधन मैं पदस्थ किए जाने की चर्चा है। लघु वनोपज संघ से वापस आ रहे विभाग ठाकुर को एपीसीसीएफ सामाजिक वानिकी में भेजा जा सकता है। बताया जाता है कि मुख्यमंत्री सचिवालय की नाराजगी की वजह से ठाकुर की सेवाएं मूल विभाग में वापस की जा रही हैं। फील्ड डायरेक्टर सतपुड़ा टाइगर एवं एपीसीसीएफ एलके कृष्णमूर्ति के मुख्यालय में लौटने पर उन्हें एपीसीसीएफ कैंपा के पद पर पदस्थ किया जा सकता है। सतपुड़ा टाइगररिजर्व का जिम्मा पीएन मिश्रा को दिए जाने का प्रस्ताव है।

22 वर्षों से कार्यरत है गौ सेवक, ग्रामीण क्षेत्रों में चरमराई व्यवस्थाओं को दे रहे सहारा

# गौ सेवकों ने कहा: सबके लिए महापंचायतें बुलाई जा रही, हमारी सुनवाई नहीं

भोपाल , दोपहर मेट्रो।

**प्रदेश भर के गौ सेवक सरकार से नाराज है। ये 22 वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों के स्वास्थ्य की देखभाल करने में जुटे हैं, किसानों से जो कुछ मिल जाता है वहीं से इनका परिवार चल रहा है, सरकार की ओर से इन्हें कोई लाभ नहीं मिल रहा है जबकि तत्कालीन सरकार ने ही इन्हें प्रशिक्षण दिलवाया था। तब इन्हें सुनहरे भविष्य के सपने दिखाए गए थे। लगभग प्रत्येक गांवों में गौ सेवक हैं लेकिन सरकार ने इन्हें आज तक फुट कौड़ी भी नहीं दी है।**



मप्र गौ सेवक मैत्री संघ के अध्यक्ष राजेश धौलपुरे का कहना है कि सरकार हर संवर्ग के कर्मचारियों की महापंचायतें बुला रही है लेकिन गौसेवकों की कोई सुनवाई नहीं है। इस तरह की अपेक्षा ठीक नहीं है।

मप्र के क्षिप्रा गांव के रहने वाले गौ सेवक प्रवीण पटेल कहा कहना है कि लम्पी रोग का समय हो या फिर और कोई मुश्किल हर समय ग्रामीण क्षेत्रों में मवेशियों की देखभाल की है, यदि गौ सेवक नहीं होते तो बड़े स्तर पर मवेशियों का नुकसान होता। मवेशी पालन वाले भी आर्थिक रूप से कमजोर होते लेकिन हमने टीकाकरण किया, जिसके दम पर सरकार वाहवाही लूटती रही लेकिन हमारे और हमारे परिवार के कल्याण को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

ग्राम पंचायत लक्कड़जाम के गौ सेवक कृष्णराज यादव का कहना है कि कहने भर को पशुपालन विभाग है लेकिन सरकार के पास अमला ही नहीं है। विकासखंड स्तर पर संचालित पशु चिकित्सालयों की हालत बुरी हो गई है। गिने-चुने कर्मचारी बचे हुए हैं जो क्षेत्र के मवेशियों पर किसी हाल में ध्यान नहीं दे सकते। वे कहते हैं कि गौसेवक ही है जिनके भरोसे सबकुछ चल रहा है।

### गौसेवकों की ये मांगे

अनुभव के आधार पर सरकार उन्हें भर्ती प्रक्रिया में शामिल करें। उच्च संस्थानों में और प्रशिक्षण दिलवाए। उन्हें वेतनमान दिया जाए। पंचायत स्तर पर पशु चिकित्सालय खोले जाएं।

## 9 सितंबर तक लगा सकेंगे आपत्ति, 11 सितंबर तक काउंसलिंग

भोपाल , दोपहर मेट्रो।

राज्य शिक्षा केंद्र ने बीएसी और सीएसी की प्रतिनियुक्ति के लिए आपत्ति लगाने के लिए अब 9 सितंबर तक का समय दिया गया है। इससे पहले एक पत्र जारी करके आपत्ति की अंतिम तारीख पांच सितंबर रखी गई थी, जबकि इस दिन शिक्षक दिवस था और शिक्षक विभिन्न समारोह में व्यस्त थे। ऐसे में वे वरिष्ठ शिक्षक, जिन्हें वरिष्ठता सूची में शामिल न करते हुए कनिष्ठ शिक्षकों की सूची में शामिल कर दिया गया, वे आपत्ति लगाने से वंचित रह सकते थे। ऐसे में आपत्ति की तारीख बढ़ाते हुए 9 सितंबर तय कर दी है।

वरिष्ठ शिक्षकों का कहना है कि प्रतिनियुक्ति की जाती है तो उसमें आपत्ति के लिए कम से कम तीन दिन का समय देना चाहिए। लिहाजा जिला शिक्षा केंद्र ने समय बढ़ा दिया है। आपत्तियों के बाद 11 सितंबर तक काउंसलिंग की जाएगी।

**बीएसी और सीएसी की प्रतिनियुक्ति का मामला**

यूपीएससी

### 15 सितंबर से सिविल सेवा मुख्य परीक्षा

**भोपाल।** संघ लोक सेवा आयोग ( यूपीएससी ) की सिविल सेवा मुख्य परीक्षा 2023 का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। 15 सितंबर से यह परीक्षा शुरू होगी । परीक्षा 15, 16, 17, 18, 23 और 24 सितंबर को निर्धारित है। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट पर सितंबर के पहले सप्ताह में जारी किए जा सकते हैं। मुख्य परीक्षा दो पालियों में आयोजित होगी।


मानव अधिकार आयोग ने के 3 मामलों में लिया संज्ञान

# जेपी में तीन विभागों में विशेषज्ञ नहीं, कई अव्यवस्थाएं, जांच के निर्देश

भोपाल , दोपहर मेट्रो।

मप्र मानव अधिकार आयोग ने भोपाल के 5 मामलों में संज्ञान लिया है। इसमें तीन मामले जेपी अस्पताल में अव्यवस्थाओं के हैं। मरीजों के पर्चा बनने में लेटलतीफी का मामला आयोग के संज्ञान में आया है। अस्पताल में आने वाले मरीजों के पर्च बनने में एक से डेढ़ बज जाता है, तब तक तो डाक्टर्स अपने चैबर्स से घरों की ओर अपनी रवानगी डाल रहे हैं। जेपी अस्पताल से लेकर हमीदिया, कमला नेहरू एवं शाकिर अली अस्पताल में भी यही समस्या बनी हुई है। वहीं जेपी अस्पताल के तीन विभागों में विशेषज्ञ नहीं होने से तीन ओपीडी बंद होने का है। यहां डेंटल डिपार्टमेंट, सोनोग्राफी एवं एनेस्थेसिया विभाग में विशेषज्ञों की कमी है। चिकित्सक विशेषज्ञों की कमी के कारण दातों को ईलाज कराने आने वाले मरीजों को 15 से 20 दिनों तक इंतजार करना पड़ता है। दो मामलों में आयोग ने आयुक्त, स्वास्थ्य सेवाएं, संचालनालय को जांच के निर्देश दिए हैं और 15 दिन में जवाब मांगा है। साथ ही यह भी कहा है कि जेपी अस्पताल की अव्यवस्थाओं एवं कमियों के संबंध में निरंतर शिकायतों के संबंध में भी समग्र जांच कराकर प्रतिवेदन दें। वहीं हाईटेंशन विद्युत लाईन की चपेट में आने से रातीबड़ थानाक्षेत्र के ग्राम सेमरी निवासी फिरोज खान की मौत और मर्चुरी में शव रख भूलने के मामले में आयोग ने सीएमडी, मध्यक्षेत्र विविकंलि को प्रकरण की जांच कराकर मृतक के वैध वारिसों को नियमानुसार देय मुआवजा राशि के संबंध में की गई कार्यवाही के बारे में जवाब मांगा है। इसके साथ ही आयोग ने भोपाल के बिट्टन मार्केट में जलनिकासी की समस्या के मामले में नगर निगम आयुक्त से प्रकरण की जांच कराकर की गई कार्यवाही के संबंध में जवाब मांगा है।

### शाहपुरा झील भी रडार पर : मिल रहा बड़े गंदे नालों का सीवेज, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच के निर्देश




भोपाल शहर की सबसे खूबसूरत झील शाहपुरा लेक को नगर निगम सीवेज व अन्य गंदगियों से नहीं बचा पा रहा है। 15 करोड़ की लागर से बना 9.5 मिलियन लीटर प्रतिदिन (एमएलडी) पानी का ट्रीटमेंट करने की क्षमता रखने वाले एसटीपी लगाये जाने के बावजूद भी बड़े गंदे नालों का सीवेज शाहपुरा लेक में मिल रहा है। मामले में आयोग ने नगर निगम आयुक्त एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को जांच के निर्देश देने के साथ ही जवाब तलब किया है।

# आईटी में अव्वल होने का दम, मीटर वाचकों पर फोड़ा ठीकरा!

■ मीटर रीडिंग में गड़बड़ी करने के आरोप में 14 मीटर वाचकों की सेवा समाप्त

■ 155 का वेतन काटा, 67 को चेतावनी जारी की, इनमें से कई भोपाल के भी शामिल

भोपाल , दोपहर मेट्रो।

बिजली उपभोक्ताओं को ठगा जा रहा है, इस बात का प्रमाण स्वयं बिजली कंपनी ने एक कार्यवाही कर हाल में दिया है। कंपनी ने दावा किया है उसके द्वारा 14 मीटर वाचकों की सेवा समाप्त कर दी है। 155 का वेतन काटा है और 67 को चेतावनी दी है। इन पर मीटर रीडिंग में गड़बड़ी के आरोप है।

मगर स्वभाविक सी बात है कि इन करतूतों का शिकार आम बिजली उपभोक्ता ही हुए है। जिसके लिए कंपनी ने अकेले मीटर वाचकों पर ठीकरा फोड़ा है, जबकि कंपनी बार-बार दावा करते रही है कि आईटी क्षेत्र में वह काफी अव्वल हो गई है।फिर सवाल यह उठाये जा रहे हैं कि फिर उपभोक्ताओं को नुकसान पहुंचने जैसी नौबत ही क्यों आई। मीटर वाचक नुकसान पहुंचाते रहे और अधिकारियों को कैसे पता ही नहीं चला। जब पता चल गया तो मीटर वाचकों से उपर स्तर के अधिकारी, जो कि इनकी निगरानी करते हैं उन पर कार्यवाही करना छोड़ पूरा ठीकरा मीटर वाचकों पर फोड़कर खानापूर्ति कर ली गई। बिजली कंपनी ने इस संबंध में बकायदा बयान जारी कर इसका खुलासा किया है। इससे यह भी साफ हो गया है कि बार-बार जो उपभोक्ता बिजली बिल की राशि अधिक आने, यूनिट की खपत अचानक बढ़ने जैसी शिकायतें करते हैं वे झूठी नहीं है बल्कि एकदम सही है। बिजली कंपनी की यह कार्यवाही इस बात का सबूत भी है।

### इन जिलों के हैं मीटर वाचक

जिन मीटर वाचकों को कंपनी ने सेवा से निकालने का दावा किया है उनमें भोपाल के तीन, राजगढ़ के चार, भिंड के दो, अशोक नगर, ग्वालियर, नर्मदापुरम, श्योपुर और विदिशा के एक-एक आउटसोर्स मीटर वाचक शामिल है। इसके अलावा जिन 155 मीटर वाचकों का वेतन काटा गया है और 67 को कार्य में लापरवाही बरतने पर चेतावनी दी गई, वे भी अलग-अलग जिलों के बताए गए है।

कुशाभाऊ ठाकरे जयंती




भोपाल। कोलार चौराहा कोलार रोड पर एकांत पार्क में झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ द्वारा कुशाभाऊ ठाकरे की जयंती पर पुष्प अर्पित किए गए।

## मुख्यमंत्री चौहान से सिर्वी क्षत्रीय समाज के प्रतिनिधि मंडल ने भेंट की

भोपाल , दोपहर मेट्रो।

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि सिर्वी क्षत्रीय समाज एक संस्कारित और परिश्रमी समाज है। समाज द्वारा दिए गए विभिन्न सुझावों पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री चौहान आज समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में सिर्वी क्षत्रीय समाज, दीवान हरिदास जी स्मारक ट्रस्ट, महेश्वर जिला खरगोन के प्रतिनिधि मंडल से चर्चा कर रहे थे। प्रतिनिधि मंडल में ट्रस्ट के अध्यक्ष लक्ष्मण काग, महासचिव दिलीप पटेल, कोषाध्यक्ष गोविंद सेप्टा सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे। मुख्यमंत्री चौहान को प्रतिनिधि मंडल ने समाज के दसवें धर्मगुरू श्री हरिदास जी के महेश्वर के निकट नर्मदा तट के पास नरसिंह टेकरी स्थित स्मारक के विकास के लिए आग्रह किया। सिर्वी समाज आई पंथ का अनुयायी है। देवी अहिल्या बाई ने आईपंथ के दसवें धर्मगुरू श्री हरिदास जी की एक छतरी (समाधि) का निर्माण करवाया था। यह समाधि स्थल मध्यप्रदेश सहित देश भर में रह रहे सिर्वी समाज की आस्था का केंद्र है।




मेट्रो एंकर — मिर्ची बाबा ने बाहर आते ही कहा- कांग्रेस से नजदीकी के चलते मुझे फंसाया

# मिर्ची बाबा बरी, 13 महीने बाद जेल से आए बाहर

भोपाल , दोपहर मेट्रो।

भोपाल सेंट्रल जेल में बंद वैराग्यानंद गिरी उर्फ मिर्ची बाबा दुष्कर्म के आरोप में बरी होने के बाद बाहर आ गये हैं। बाबा पर एक महिला ने दुष्कर्म का आरोप लगाया था। मगर अभियोजन पक्ष दुष्कर्म के आरोपों को कोर्ट के सामने साबित नहीं कर पाया। पी?िता ने भी मिर्ची बाबा को कोर्ट में पहचानने से इंकार दिया। जेल से रिहा होते ही मिर्ची बाबा ने कहा- सत्य की जीत हुई है। कांग्रेस से नजदीकी होने के चलते मुझे फंसाया गया। गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने की ल?ाई जारी रहेगी।



### यह है पूरा मामला

उल्लेखनीय है कि रायसेन की 28 साल की नि:संतान महिला ने मिर्ची बाबा पर नशीली भभूति खिलाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पी?ित महिला ने 8 अगस्त 2022 को भोपाल के महिला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। पुलिस ने शुरुआती जांच के बाद मिर्ची बाबा के खिलाफ रेप का केस दर्ज किया था। इसके अगले दिन यानी 9 अगस्त 2022 को पुलिस ने मिर्ची बाबा को ग्वालियर से गिरफ्तार किया था। मिर्ची बाबा के वकील के मुताबिक, पी?िता जिस दिन भोपाल में रायसेन रोड स्थित मिनाल रेसीडेंसी में घटना होने की शिकायत की थी। उस दिन मिर्ची बाबा ग्वालियर में थे।

## सुविचार

''व्यक्ति को कभी भी मौके का इंतजार नहीं करना चाहिए। क्योंकि जो आज है वो ही सबसे बड़ा मौका हैं।''

– अज्ञात

l ikndh;

# हसरतों के बोझ तले दबते सपने

बच्चों के भविष्य को बेहतर बनाने की जुस्तजू सभी को होती है, लेकिन कई बार अभिभावक अपनी हसरतों का बोझ अपने बच्चों पर इस कदर डाल देते हैं कि उसका परिणाम कोटा होता है। राजस्थान के शहर कोटा को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिये सबसे बेहतर व बड़ा दर्जा मिला हुआ है। यहां भारत के सभी प्रांतों से लाखों बच्चे आकर तैयारी करते हैं। हजारों कोचिंग इंस्टीट्यूट यहां मौजूद हैं और यह इंस्टीट्यूट भी अभिभावकों की इच्छा को भांपते हुए तथा खुद का स्तर पर ऊंचा रखने की दौड़ में सख्त मापदंड बना लेते हैं। नतीजतन हर छात्र इस दबाव को सहन नही कर पाता और अपने माता पिता की इच्छा को पूरा नहीं कर पाने की आशंका में खुद की जान ले बैठता है। कोटा में हाल में एक दिन में दो और छात्रों ने खुदकुशी कर ली। इसके साथ इस साल कोटा में आत्महत्या करने वाले छात्रों की संख्या 23 हो गई है, यह बेहद गंभीर मसला है। वैसे तो, कोटा ही नहीं, पूरे देश में खुदकुशी करने वाले छात्रों की संख्या बढ़ रही है। साल 2020 में 12500 से अधिक, तो 2021 में 13 हजार छात्रों ने आत्महत्या की। ये आंकड़े नैशनल क्राइम रेकॉर्ड ब्यूरो के हैं। ऐसा नहीं है कि महामारी बनती इस समस्या के कारण हमें नहीं पता। सब जानते हैं कि किस तरह से पैरेंट्स अपने सपने बच्चों पर थोपते हैं। उन्हें आईआटी या एनआईटी अथवा मेडिकल में ही बच्चों का सुनहरा भविष्य दिखता है, जिसे साकार करने के लिए अभिभावक कर्ज भी लेते हैं। मां-बाप के इन्हीं सपनों से दबा स्टूडेंट जब कोचिंग संस्थानों में पहुंचता है तो उस पर तैयारी और टेस्ट का प्रेशर डाल यह कहकर भी डराया जाता है कि जेईई या नीट दुनिया की सबसे मुश्किल परीक्षाएं हैं। कोचिंग संस्थानों पर ऐसे आरोप भी लगते रहे हैं कि वे प्रशासन की ओर से बनाए गए नियमों पर पूरी तरह अमल नहीं करते। कोटा के संस्थानों पर भी ऐसे इल्जाम लगे हैं। दरअसल, बच्चों को मनोवैज्ञानिक दबाव से बाहर निकालने के लिए कोटा प्रशासन ने तकरीबन साल भर पहले एक गाइडलाइन जारी की थी, जिसे एक भी कोचिंग संस्थान ने पूरी तरह फॉलो नहीं किया है। पुणे स्थित कंसल्टेंसी फर्म इनफिनियम ग्लोबल रिसर्च का अनुमान है कि इस साल के आखिर तक कोचिंग इंडस्ट्री का कारोबार 58 हजार करोड़ रुपये से भी ज्यादा होगा। यानी कोचिंग संस्थान चाहें तो बच्चों की मेंटल हेल्थ सुधारने के लिए पहल कर सकते हैं। वे ऐसे छात्रों की मॉनिटरिंग भी कर सकते हैं, जिनका टेस्ट स्कोर कम हो। ऐसा भी नहीं है कि कोटा के कोचिंग संस्थानों की ओर से इस तरह की पहल नहीं हुई है, लेकिन ये नाकाफी रही। देश में कुल 23 आईआईटी हैं। इन्हीं के लिए सब तैयारी करते हैं। सबका इन्हीं पर भरोसा है, लेकिन सबको तो इनमें एडमिशन मिल नहीं सकता। जितने स्टूडेंट्स इसमें दाखिले के लिए परीक्षा देते हैं, हर साल उनमें से औसतन दो फीसदी ही पास होते हैं। ऐसे में सरकार को या तो खुद या प्राइवेट सेक्टर की मदद से और भी भरोसेमंद संस्थान बनाने होंगे। नौकरी देने वाले प्राइवेट सेक्टर को भी छोटे इंजीनियरिंग कॉलेजों में हायरिंग के लिए जाना होगा क्योंकि वहां भी टैलंटेड स्टूडेंट्स हैं। मगर इन सबसे पहले पैरंट्स को अपने बच्चों की काबिलियत पहचाननी होगी और उसी के अनुरूप आगे बढ़ने में उसकी मदद करनी होगी। कोटा के हालात बता रहे हैं कि यह समय अभिभावकों, सरकार व कोचिंग संस्थानों को मिलकर सही फैसले करने का है,ताकि बच्चे दबावमुक्त हों और यह संस्थान बच्चों की क्षमता आंककर उन्हें दूसरे विकल्प भी सुझाएं व उस दिशा में मार्गदर्शन भी दें।

## निशाना

### ख़बर है ऐसी आई !



– कृष्णेन्द्र राय

शुरू हुई फिर तनातनी ।  
ख़बर है ऐसी आई ।।  
हुआ कुछ यदि गड़बड़ ।  
आगे ना भरपाई ।।  
अंदरूनी कहासुनी का ।  
है लगता फिर दौर ।।  
असमंजस में शायद ।  
दिख रहे सिरमौर ।।  
है करना भुगतान ।  
पुनः समय है आन ।।  
हुई कलह से बाधा ।  
छुड़ा सकते जान ।।  
है कुछ सुगबुगाहट ।  
आ गई दरार ।।  
किंकर्तव्यविमूढ़ हुए ।  
हो सकते फरार ।।

## आज का इतिहास

- **1826-** बांग्ला भाषा के प्रसिद्ध लेखक और बंगाली पुनर्जागरण के चिंतकों में से एक राजनारायण बोस का जन्म 7 सितंबर 1826 में हुआ।
- **1887-** संस्कृत के विद्वान् और महान् दार्शनिक गोपीनाथ कविराज का जन्म 7 सितंबर 1887 को हुआ।
- **1917-** भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिक तथा परिवार नियोजन विशेषज्ञ बानो जहांगीर कोयाजी का जन्म 7 सितं. 1917 को हुआ।
- 1934- प्रसिद्ध फ़िल्म निर्देशक बी. आर. इशारा का जन्म 7 सितंबर 1934 को हुआ।

# वैश्विक आर्थिक संकट में भारत के लिए अवसर

**जयंतीलाल भंडारी**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में ब्रिक्स बिजनेस फोरम लीडर्स डायलॉग में कहा कि वैश्विक अर्थव्यवस्था में चुनौतियों और उथल-पुथल के दौर के बीच भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था है। इस समय एक मजबूत आर्थिक देश के रूप में भारत दुनिया के सामने खड़ा है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार द्वारा मिशन-मोड में किए जा रहे सुधारों से भारत में कारोबारी सुगमता में वृद्धि हुई है। भारत में दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम है और देश में 100 से अधिक यूनिकार्न हैं। साथ ही जल्द ही भारत पांच ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर दुनिया के लिए विकास का इंजन बन जाएगा।

गौरतलब है कि 23 अगस्त को प्रकाशित एस एंड पी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस रिपोर्ट के मुताबिक इस समय लड़खड़ाती हुई वैश्विक अर्थव्यवस्था पर भयावह काले बादल छाए हुए हैं। वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए 2023 में लगभग 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर संभावित की गई है। यह अगले वर्ष 2024 में और घटकर 2.4 फीसदी रह सकती है। यदि हम वैश्विक परिदृश्य को देखें तो पाते हैं कि पिछले वर्ष के दौरान तेजी से मौद्रिक नीति सख्त होने से वैश्विक आवास, बैंक ऋण और औद्योगिक क्षेत्र में कमजोरी आई है।स्पष्ट है कि वैश्विक अर्थव्यवस्था के हालात चुनौतीपूर्ण हैं। चीन, अमेरिका और जापान जैसी अर्थव्यवस्थाओं से भी चिंताजनक संदेश हैं। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने चीन की अर्थव्यवस्था को एक ऐसे टाइम बम की संज्ञा दी है, जो कभी भी फट सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि जब बुरे लोगों को दिक्कत होती है तो वे बुरे काम करते हैं। दुनिया की वित्तीय एजेंसियां यह टिप्पणी कर रही हैं कि लगता है कि चार दशक से विकास कर रहे चीन के लिए अब अवसान का समय आ गया है।

खासतौर से चीन की अर्थव्यवस्था से वैश्विक आर्थिक जोखिमें उभरती जा रही हैं। वित्त वर्ष 2023-24 की डगर पर चीन की अर्थव्यवस्था निराशाओं और मुश्किलों से घिरी हुई है। कोविड-19 की सुस्ती के बाद चीन की अर्थव्यवस्था के द्वारा रफ्तार पकड़ने की उम्मीद थी। लेकिन ऐसा नहीं हो पाया है। चीन के बाजार में सुस्त




उपभोक्ता खर्च, निर्यात में गिरावट, बड़ी-बड़ी कंपनियों का दिवालियापन, युवाओं में बेरोजगारी से निराशा का बनता नया रिकॉर्ड, बढ़ते सरकारी ऋण, घरेलू मांग में कमी, फूड से लेकर मकानों के मूल्यों में भारी गिरावट, कारोबारी गतिविधियों का धीमी होना, निवेशकों के चेहरे पर निराशाएं, मांग की तुलना में अधिक उत्पादन, सामाजिक सुरक्षा की चिंता में अधिक बचत की प्रवृत्ति के कारण बाजार में खरीदी में कमी जैसी जटिल स्थितियों के बीच अब चीनी अर्थव्यवस्था में जान फूंकने के रास्ते सीमित हो गए हैं।जहां चीन में इस समय मुद्रा संकुचन (मनी डिफ्लेशन) की स्थिति है, वहीं अमेरिका में मुद्रास्फीति (मनी इनफ्लेशन) की स्थिति है। अमेरिका मार्च, 2022 से अब तक 11 बार ब्याज दरों में इजाफा करने के बाद भी मुद्रास्फीति का सामना कर रहा है। अमेरिका असाधारण ऋण से भी गुजर रहा है। पिछले तीन वर्षों में उसके कर्ज में करीब 8 लाख करोड़ डॉलर का इजाफा भी हुआ। परिणामस्वरूप रेटिंग एजेंसी फिच ने अमेरिका की क्रेडिट रेटिंग को एए प्लस से कम करके एएए कर दिया है। जापान में भी हालात अच्छे नहीं हैं। जापान में मुद्रास्फीति बढ़ी हुई है। जापान में इसके लिए खाद्यान्न, ईंधन और टिकाऊ वस्तुओं की ऊंची कीमतें उत्तरदायी हैं। डॉलर के मुकाबले येन की कीमत में भारी गिरावट आई है। उल्लेखनीय है कि विभिन्न नई वैश्विक रिपोर्टों के मुताबिक वर्ष 2023 में भारत की अर्थव्यवस्था सबसे तेज गति वाली होगी। भारत की विकास दर 2023 में 5.9 फीसदी व 2024 में 6.1 फीसदी अनुमानित है। दुनिया के प्रमुख आर्थिक और वित्तीय संगठनों की रिपोर्टों में कहा जा रहा था कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का दर्जा रखने वाला भारत वर्ष 2027 तक जापान और जर्मनी को पीछे छोड़कर दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में उभरकर सामने आएगा। वैश्विक अर्थव्यवस्था की बढ़ी हुई अनिश्चितताओं के बीच भारत का मजबूत आर्थिक प्रदर्शन दुनिया में भारत की अहमियत बढ़ा रहा है।

इसमें कोई दो मत नहीं है कि देश की अर्थव्यवस्था के तेजी से आगे बढ़ाने में आर्थिक वित्तीय सुधारों के साथ-साथ बुनियादी ढांचे में तेज वृद्धि की अहम भूमिका है। भारत बौद्धिक सम्पदा, शोध और नवाचार की डगर पर आगे बढ़कर विभिन्न क्षेत्रों में विकास को अपनी मुट्ठियों में कर रहा है। भारत के नवाचार दुनिया में सबसे प्रतियोगी, किफायती, टिकाऊ, सुरक्षित और बड़े स्तर पर लागू होने वाले समाधान प्रस्तुत कर रहे हैं। कारोबार सुगमता के लिए नई लॉजिस्टिक नीति, महत्वाकांक्षी गति शक्ति योजना और नई विदेश व्यापार नीति (एफडीपी) द्वारा नए अध्याय लिखे जा रहे हैं। उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए 1,500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त किए जाने की अहम भूमिका है।भारत में उद्योगों को आगे बढ़ाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान मील का पत्थर बनते जा रहे हैं। यह भी भारत की बढ़ती हुई वैश्विक आर्थिक साख की सफलता है कि आरबीआई ने जुलाई, 2022 में डॉलर पर निर्भरता कम करने के लिए विदेशी व्यापार का लेन-देन रुपये में करने का प्रस्ताव किया था। अगस्त, 2023 में संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के साथ आयातित कच्चे तेल का भुगतान रुपये में करने की शुरुआत के बाद अफ्रीकी देशों सहित कई देशों ने रुपये में कारोबार के लिए सकारात्मक रूप दिखाया है।

यद्यपि दुनियाभर में भारत सबसे तेज और आकर्षक अर्थव्यवस्था वाले देश के रूप में रेखांकित हो रहा है। लेकिन हमें देश की नई लॉजिस्टिक नीति 2022 और गति शक्ति योजना की अभूतपूर्व रणनीतियों से भारत को आर्थिक प्रतिस्पर्धी देश के रूप में तेजी से आगे बढ़ाना होगा। शोध और नवाचार पर व्यय बढ़ाया जाना होगा। शिक्षा और कौशल उन्नयन पर उच्च निवेश करना होगा। दुनिया की सबसे अधिक युवा आबादी वाले भारत को बड़ी संख्या में युवाओं को डिजिटल कारोबार के दौर की और नई तकनीकी योग्यताओं से सुसज्जित किया जाना होगा। जहां हमें भारत-अमेरिका के बीच निर्मित नई साझेदारी का पूरा लाभ लेना होगा, वहीं दुनिया के विभिन्न देशों के साथ शीघ्रतापूर्वक मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) को आकार देना होगा।हमें यह बात भी ध्यान में रखना है कि चीन की आर्थिक कमजोरी भी भारत के लिए चिंताजनक है। भारत के लिए चीन दूसरा सबसे बड़ा आयातक और चौथा सबसे बड़ा निर्यातक देश है। ऐसे में चीन की अर्थव्यवस्था पर सतर्क निगाहें जरूरी हैं। हमें ध्यान में रखना है कि दुनिया के कोने-कोने की अधिकांश अर्थव्यवस्थाओं में जो चुनौतियों की तेज लहरें निर्मित हो रही हैं, उनके बीच भी हमें आसानी से तैर कर दूर तक जाने के लिए सतर्कता और सावधानी के साथ देश से निर्यात बढ़ाने और व्यापार घाटे की चुनौती को कम करने के लिए रणनीतिक कदम उठाए जाने की जरूरत बनी हुई है।

**–साभार :** लेखक अर्थशास्त्री हैं।

# ईश्वर के पूर्ण अवतार थे श्रीकृष्ण

**श्रीकृष्ण जन्माष्टमी 7 सितम्बर 23पर विशेष लेख**

**ओमप्रकाश श्रीवास्तव**

सनातन धर्म में अवतार की अवधारणा यह है कि ब्रह्म अपनी माया शक्ति से इस सृष्टि का निर्माण करता है और वह स्वयं भी सृष्टि के कण-कण में समाया है। सृष्टि के सृजन, पालन और संहारकर्ता के रूप में ब्रह्म को ईश्वर कहते हैं। ब्रह्म का अंश आत्मा, माया के वशीभूत होकर जब शरीर में निवास करती है तो उसे जीव कहते हैं (गीता 15.7)। जड़, पेड़-पौधे, जीव, मनुष्य और देवता सभी में ब्रह्म की चेतना है अंतर इतना है कि इनमें क्रमशः चेतना का स्तर बढ़ता जाता है। ब्रह्म की चेतना की सर्वोच्च अभिव्यक्ति जिनमें होती है उन्हें अवतार कहते हैं।

अवतार दो तरह के होते हैं अंशावतार और पूर्णावतार। ब्रह्म के तीन गुण ज्ञान, प्रेम और शक्ति जिसमें पूर्ण रूप से प्रकट होते हैं वह पूर्णावतार कहलाता है। जिन अवतारों में ब्रह्म के इन गुणों का कोई एक भाग प्रकट होता है वह अंशावतार कहलाते हैं। इस प्रकार अंशावतार वह हैं जिनमें चेतना का स्तर हम मनुष्यों और देवताओं की चेतना से अधिक होता है परंतु ईश्वर की दिव्यता का पूर्ण प्रकटन नहीं होता, जैसे मत्स्य, कूर्म, वाराह, नृसिंह, वामन, परशुराम आदि ईश्वर के अंशावतार थे। जहाँ ईश्वर की दिव्यता का पूर्ण प्रकटन हो जाता है, उनमें और ईश्वर में कोई अंतर नहीं रहता उन्हें पूर्णावतार कहते हैं। ईश्वर के दस अवतारों में राम और कृष्ण को पूर्णावतार माना जाता है। गीता में कहा है कि जब-जब धर्म का पतन होता है और अधर्म बढ़ने लगता है तब-तब साधु पुरुषों की रक्षा, दुष्टों के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए ईश्वर हर युग में अवतार लेता है (गीता 4.7-8)। श्रीकृष्ण की सभी लीलाएँ इन्हीं उद्देश्यों की पूर्ति के लिए थीं। वे यशोदा के नटखट बालक, गोपों के सखा, गोपियों के प्रेमी, पांडवों के सहायक, आदर्श गृहस्थ, द्वारका के आदर्श शासक, दुर्धर्ष योधा, अद्भुत कूटनीतिज्ञ, सच्चे मित्र, गीता के गायक के रूप में सर्वोच्च आध्यात्मिक पुरुष और योगेश्वर सभी कुछ एकसाथ हैं। उनकी लीलाएँ गीता के उपदेशों का व्यवहारिक क्रियान्वयन थीं।

गीता में कहा है कि कर्म में कर्ता होने का अहंकार और फल की आसक्ति न हो तो वह कर्म, कर्मयोग बन



जाता है जो कर्म बंधन को काट देता है । श्रीकृष्ण का जीवन अहंकार और आसक्ति से विहीन था। द्वारका के राजा होने के बाद भी उन्होंने युधिष्ठर के राजसूय यज्ञ में अतिथियों के पाँव धोने का कार्य किया। तत्कालीन समाज में सारथी का सामाजिक दर्जा निम्न होता था। सूतपुत्र होने के कारण ही कर्ण को जगह-जगह अपमान सहना पड़ा था। परंतु श्रीकृष्ण ने अर्जुन का सारथी बनना स्वीकार किया। स्वयं राजा व पूरे देश में सम्मानीय होने के बाद भी वह शान्ति स्थापना के लिए पांडवों के दूत बनकर हस्तिनापुर गये।

अनासक्त इतने कि एक बार जो छूट गया उसे पीछे मुड़कर भी नहीं देखा। वृंदावन में परिजनों और गोप-गोपिकाओं के प्राणप्रिय थे पर मथुरा जाने के बाद एक बार भी वृंदावन नहीं लौटे। बहुत से राजाओं को पराजित किया, मारा परंतु उनका राज्य उन्हीं के पुत्रों को दे दिया। जब कंस का वध किया तो राजगद्दी उग्रसेन को सौंप दी। महाभारत युद्ध समाप्ति के बाद जब ऐसा लगा कि यादव कुटुम्बी उद्धत हो रहे हैं और इनसे संसार में अशान्ति की आशंका हो गई है तो उनका सर्वनाश भी अपने सामने ही करा दिया। निराभिमानी इतने कि द्वारका के सम्राट होते हुए भी बचपन के मित्र सुदामा को लेने दौड़े चले आए और आँसुओं से उसका पाद प्रक्षालन कर दिया।

धर्म सदैव देश-काल और पात्र सापेक्ष होता है। एक समय जो धर्म है वह दूसरे समय अधर्म हो जाता है। एक अधिकारी के लिए जो धर्म है वह दूसरे व्यक्ति के लिए अधर्म हो जाता है। धर्म के व्यवहारिक स्वरूप को श्रीकृष्ण ने अपने जीवन में चरितार्थ कर बताया। एक बार युधिष्ठिर ने गांडीव धनुष की निन्दा कर दी। अर्जुन की प्रतिज्ञा थी कि यदि कोई गांडीव धनुष की निन्दा करेगा तो वह उसका वध कर देंगे। इस प्रतिज्ञा के निर्वाह के लिए अर्जुन युधिष्ठर को मारने के लिए उद्धत हो गये। युधिष्ठर तो बड़े भाई थे उनका वध करना नीति के विरुद्ध था पर प्रतिज्ञा का पालन धर्म था। तब श्रीकृष्ण ने बीच का रास्ता निकाल दिया और कहा कि बड़ों का अपमान करना ही उनकी मृत्यु के समान है। युद्ध क्षेत्र में कर्ण का रथ फँसा होने पर अर्जुन को प्रहार करने का आदेश दिया और कहा कि जिसने अपने जीवन में कभी धर्म का आदर नहीं किया उसे दूसरों से धर्माचरण की आशा रखने का हक नहीं है। कालयवन ने बिना कारण के मथुरा पर आक्रमण किया तो उसे छल से गुफा में ले गये जहाँ मुचकुन्द सोये हुए थे। कालयवन ने कृष्ण समझ कर मुचकुन्द को लात मारी और मुचकुन्द के जागते ही शाप के प्रभाव से भस्म हो गया। उन्होंने अश्वत्थामा के मारे जाने की घोषणा युधिष्ठिर से कराई कि और इससे पहले कि युधिष्ठर कहते कि वह हाथी था, श्रीकृष्ण ने शंख की तुमुल ध्वनि कर दी । जिससे द्रोणाचार्य आगे का वाक्य नहीं सुन सके और यह समझकर कि उनका पुत्र अश्वत्थामा मारा गया है पुत्र शोक से विह्वल हो गये। इसी समय अर्जुन से द्रोणाचार्य का वध करवा दिया। इसी प्रकार दोपहर के समय सूर्य को बादलों से ढ़ँक कर संझा का आभास देकर जयद्रथ का वध करवा दिया। उन्होंने काँटे से काँटा निकालने की युक्ति अपनाई -कण्टकेनैव कण्टकम् - परंतु कर्म के अहंकार व फल की इच्छा से रहित तथा लोक कल्याण के लिए होने के कारण यह कार्य भी धर्म माने गये। भक्तवत्सल श्रीकृष्ण भक्तों की पुकार पर दौड़े चले आते थे। कौरवों की सभा में द्रोपदी के चीर हरण के समय उन्होंने अपनी प्रभुता दिखा कर द्रोपदी के मान सम्मान की रक्षा की। भागवत् पुराण में श्रीकृष्ण की अनेक लीलाएँ वर्णित हैं जब उन्होंने भक्तों की पुकार पर तुरंत कृपा की।

गीता में कहा है कि कोई क्षणमात्र भी कर्म करे बगैर नहीं रह सकता (गीता 3.5)। श्रीकृष्ण का जीवन भी अहर्निश कर्मयोगी का था। कभी द्वारका, तो कभी हस्तिनापुर, तो कभी तीर्थयात्रा करते रहे। द्वारका की शत्रुओं से रक्षा के बाद रुक्मिणी का मनोरथ पूर्ण करने के लिए अल्प समय में ही द्वारका से विदर्भदेश पहुँच गये। सत्य पालन में इतने दृढ़प्रतिज्ञ थे कि एक बार अपनी बुआ को वचन दे दिया कि शिशुपाल के 100 अपराध माफ करुँगा तो 100 अपराधों तक अविचलित बने रहे। क्रांतिकारी इतने कि परदेशी इन्द्र की पूजा छुड़वाकर गोवर्धन पर्वत, जो फल, घास, जल, आश्रय के रूप में बृजवासियों का जीवनदाता था, की पूजा शुरू करवा दी और गोवर्धन पर्वत को अंगुलि पर उठाकर इन्द्र के कोप से ब्रजवासियों की रक्षा की और इन्द्र का मानमर्दन कर दिया।

कृष्ण की कूटनीतिज्ञता ही थी जिसने भारत भूमि को अत्याचारी राजाओं से मुक्त कर दिया। इन अत्याचारी राजाओं का मुखिया जरासंध था। कृष्ण ने उसे 17 बार उसकी संपूर्ण सेना का नाश कर उसे पराजित किया पर हर बार जीवित छोड़ दिया ताकि वह बचे-खुचे दुष्टों को एकत्र कर लाए और उनका संहार किया जा सके। महाभारत का युद्ध भारत रूपी राष्ट्र का ऑपरेशन था जिसमें अत्याचारी और अनाचारी शासकों रूपी सड़े अंगों को निकाल फेंका गया और नए युग की नींव रखी गई। कृष्ण की निर्भयता और वीरता तो अविश्वसनीय सी लगती है । बाल्यावस्था में पूतना, तृणावर्त, बकासुर, अघासुर जैसे राक्षसों को मार डाला। भरी सभा में बालक कृष्ण ने कंस को पछाड़ दिया। मणिचोरी का कलंक लगने पर अकेले अगम्य गुफा में चले गये, जाम्बन्त से युद्ध किया और स्मन्तक मणि के साथ ही उसकी पुत्री जामबती को ब्याह लाए। जरासंध, जो अपनी और शिशुपाल जैसे मित्रों की सेनाएँ लेकर युद्ध के लिए तैयार बैठा था, से लड़ने के लिए कृष्ण बिना सेना के मात्र भीम और अर्जुन को साथ लेकर पहुँच गये।

ईश्वर को ज्ञानस्वरूप माना जाता है। कृष्ण ईश्वर के पूर्ण अवतार थे अतः ज्ञान के अनन्त स्रोत थे। गीता जैसा अद्भुत आध्यात्मिक ग्रंथ उनके श्रीमुख से प्रकट हुआ है। गीता में उन्होंने धर्म की ऐसी व्याख्या की कि सामान्य कर्मों को ईश्वर की पूजा का माध्यम बना दिया और यज्ञ का अर्थ वह सभी कर्म कर दिये जो अनासक्ति पूर्वक लोक कल्याण के लिए किये जाते थे। इस प्रकार धर्म बड़े राजाओं के द्वारा किये जानेवाले भव्य यज्ञों से निकलकर आम लोगों के लिए सुलभ हो गया। उन्होंने स्वयं गीता में कहा है कि मेरे जन्म और कर्म दिव्य हैं (गीता 4.9) उन्होंने माता यशोदा और अर्जुन को अपने विश्व रूप का दर्शन कराया, स्पर्श मात्र से कुब्जा को सुन्दर युवती बना दिया, जयद्रथ वध के लिए असमय में ही शाम कर दी, शिशु अवस्था में ही राक्षसों का वध किया, उत्तरा के गर्भ में अंगुष्ठ पुरुष के रूप में प्रवेश कर परीक्षित की ब्रह्मास्त्र से रक्षा की आदि कार्य सामान्य व्यक्ति के लिए संभव नहीं थे।

श्रीकृष्ण का सौंदर्य इतना अलौकिक था कि कालयवन तक उन्हें देखकर स्तब्ध रह गया था। गोपियों के तो वह प्राण थे। उनकी मुरली की तान पर जड़, चेतन, पशु, पक्षी तक मुग्ध हो जाते थे। गाएँ घास चरना और अपने बछड़ों को दूध पिलाना तक भूल जाती थीं। कठिन से कठिन परिस्थिति में भी वह कभी चिन्तित नहीं रहे। हर जगह आनन्द ही आनन्द बिखेरा। जीवन का कोई क्षेत्र ऐसा नहीं जहाँ कृष्ण ने पूर्णता का प्रदर्शन न किया हो। ब्रह्म के गुण - ज्ञान, प्रेम और शक्ति - कृष्ण में पूर्णता से प्रकट हुए थे इसलिए वह ईश्वर के पूर्णावतार कहे जाते हैं।

**– लेखक** आईएएस अधिकारी तथा धर्म, दर्शन और अध्यात्म के साधक हैं

### नगरपालिका ने आयोजित किया शिक्षक सम्मान समारोह, मंच से नीचे उतरकर जनप्रतिनिधि पहुंचे गुरुओं के बीच

# शिक्षकों के चरणों में विधायक ने पुष्प अर्पित कर किया गुरु पूजन

**शिक्षक कल्याण संगठन के मार्गदर्शन में नगरपालिका परिषद इटारसी ने सातवें वर्ष में शासकीय स्कूलों के शिक्षकों का सम्मान कार्यक्रम शिक्षक दिवस के अवसर पर आयोजित किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मप्र विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं नर्मदापुरम विधायक डॉ सीतारन शर्मा रहे। वहीं, सिवनी मालवा में सरपंच शिवनारायण दुर्वे ने नगर की समस्त शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। कॉलेज भी शिक्षकों का सम्मान हुआ।**

इटारसी, दोपहर मेट्रो।

नगरपालिका परिषद इटारसी में शासकीय स्कूलों के शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बीके पटेल ने की। वहीं विशेष अतिथि के तौर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन रहे।



कार्यक्रम भारतीय परंपरा अनुसार बेहद गरीमापूर्ण रहा। मंच पर शहर के वरिष्ठ शिक्षकों को सम्?मान पूर्वक स्?थान दिया गया तो वहीं गुरु पूजन गुरु वंदना के लिए स्?वयं विधायक डॉ सीतासरन शर्मा, नगरपालिका अध्?यक्ष पंकज चौरे मंच से उतरकर शिक्षकों के बीच पहुंचे और प्रत्?येक के चरणों में पुष्?प अर्पित करते हुए उन्?हें प्रणाम किया। नपा अध्?यक्ष श्री चौरे ने सभी शिक्षकों पर पुष्?प वर्षा भी की। इसके पहले भाजपा महिला मोर्चा पुरानी इटारसी मंडल अध्यक्ष बबीता चौहान और सोशल मीडिया प्रभारी अनिता भगोरिया ने शिक्षकों का तिलक कर अभिवादन किया। शिक्षकों को इस तरह से सम्?मान की अपेक्षा नहीं थी, शिक्षकों ने कहा कि वे इस तरह का सम्?मान पाकर अभिभूत हो गए। कार्यक्रम का संचालन खेल शिक्षक अश्?वनी मालवीय ने किया।

इस अवसर पर शिक्षकों को संबोधित करते हुए डॉ शर्मा ने रामायण की चौपाई पढकर गुरु की महिमा बताई। कहा जब जनकपुरी में सीता जी के स्यंवर में शिव धनुष उठाने के लिए कई राजा महाराजा जाते हैं तो वे अपने अपने इष्ट भगवान का पूजन करते हैं लेकिन जब भगवान राम धनुष उठाने जाते हैं तो वह मन ही मन अपने गुरु का पूजन करते हैं और धनुष उठाते हैं और वह उठ जाता है। इस तरह गुरु की महिमा है, उन्होंने कहा कि पृथवी पर आप गुरुओं की महिमा भगवान के समान है। डॉ सीतासरन शर्मा ने कहा कि दुर्भाग्?य से ऐसा हुआ कि आप लोग अपने आप को शिक्षा विभाग के कर्मचारी मानने लगे, लेकिन अब समय बदल रहा है। भगवान राम को मानने वाले, उनका अयोध्?या में मंदिर बनाने वाले लोग अब देश में सर्वोच्?च पदों पर हैं, जब यह सब होने लगा है तो आपकी महिमा भी समाज में पिफर से स्?थापित होगी। डॉ शर्मा ने कहा कि पहले शिक्षक राष्ट्रपति बनते थे तो गौरव होता था, अब राष्ट्रपति जब शिक्षक बनते हैं तो गौरव होता है। एपीजे अब्दुल कलाम का उदाहरण देकर यह कहा।

पूर्व डीईओ बीके पटेल ने कहा कि सेवानिवृत शिक्षकों को भी समाज में आगे आना चाहिए, अभी शहर में बहुत से शिक्षक उत्?कृष्?ट कार्य कर रहे हैं, उन्?होंने कहा कि सेवानिवृत शिक्षक जरुरतमंद बच्चों को निशुल्क कोचिंग दे सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी एसपीएस बिसेन ने नगर पालिका परिषद परिषद के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि शासकीय शिक्षकों का सम्?मान इस गरिमा से करने का यह उदाहरण उन्?होंने पहले कभी नहीं देखा।

नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षक कल्?याण संगठन के मार्गदर्शन से यह कार्यक्रम संभव हुआ है और होता आ रहा है। उन्?होंने कहा कि विधायक डॉ सीतासरन शर्मा के निर्देश पर नपा हर वर्ष शिक्षकों का सम्?मान करती है और कोशिश करती है कि सालभर आपके लिए काम करे। शिक्षक कल्?याण संगठन के संयोजक राजकुमार दुबे ने स्?वागत भाषण दिया।

**20 वरिष्ठ शिक्षकों सहित 150 से अधिक शिक्षकों का हुआ सम्मान :** नगरपालिका ने इस वर्ष शहर के 20 वरिष्?ठ शिक्षक जिनका उत्?कृष्?ट योगदान शहर में शिक्षा के लिए रहा है उनका सम्?मान भी किया। इसमें एमजीएम कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ कश्?मीर सिंह उप्?पल, डॉ ज्ञानेंद्र पांडेय, डॉ व्हीके सीरिया, वीरेंद्र प्रसाद दीक्षित, एनपी चिमानिया, मोहनदास गौर, पूर्व जिला शिक्षा अधिकारी बृजकिशोर पटेल, चंद्रप्रभा ठाकुर, सुशील कुमार शर्मा, शोभा दीवान, अशोक कुमार तिवारी, प्रताप सिंह तोमर, गोविंद दास गहलोत, संतोष कुमार तिवारी, जीपी मालवीय, बृजकिशोर गौर, सुरेश कुमार मालवीय, जीपी दीक्षित, चुन्?नीलाल रैकवार, सुरेशचंद्र चौधरी हैं। वहीं 150 से अधिक शिक्षकों का सम्?मान यहां प्रमाण पत्र, शॉल, श्रीफल व स्?मृति चिन्?ह प्रदान कर किया गया।

**कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित :** कार्यक्रम में मुख्य नगरपालिका अध्?यक्ष रितु मेहरा, पूर्व उपाध्?यक्ष नपा अरुण चौधरी, पूर्व मंडल अध्?यक्ष दीपक अठौत्रा, मंडल अध्?यक्ष पुरानी इटारसी मंयक मेहतो, पार्षद शुभम गौर, राहुल प्रधान, दिलीप गोस्वामी, पार्षद प्रतिनिधि राजकुमार यादव, शहबाज बेग, रमेश धूरिया, आशुतोष अग्रवाल, राजकुमार बाबरिया, भाजपा महामंत्री नगर राहुल चौरे, जिला भाजयुमो मंत्री गोपाल शर्मा, शुभम सिंह राठौड, सौरभ मेहरा, गोपी बंजारा, केपी सचान, मुन्?ना उइके, आर्यन पटेल, पूरन मेषकर, रिषभ चौहान, श्रीयंक तिवारी, दीपू अग्रवाल, विजय चौरे, आशीष मालवीय, बसंत चौहान सहित अन्?य मौजूद थे।

# सिवनी मालवा में शिक्षक सम्मानित

## स्कूलों और कॉलेज में सम्मान समारोह



**सिवनी मालवा।** शिक्षक दिवस पर सरपंच शिवनारायण दुर्वे ने नगर कि समस्त शालाऔ के शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान पंचायत भवन तवा नगर में आयोजित किया। हायर सेकंडरी स्कूल के प्राचार्य एसके श्री वास्तव, आदेश मांडल स्कुल कि प्रचार स्नेहलता ठाकुर माध्यमिक कन्या शाला कि प्रधान पाठिका पार्वती सोनी माध्यमिक बालक साला के प्रधान पाठक महेश तिवारी सहित सेवा निवृत्त शिक्षक आर एस मालविय प्रेम मिस्रा विनोद केवट सुरेश देशमुख ने समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया। विषेष रुप से नगर के समाजसेवी बारत खान का सम्मान खेल जगत किया।

## कॉलेज में शिक्षकों का सम्मान



**सिवनी मालवा।** एसडीएएम महाविद्यालय में शिक्षक दिवस पर विद्यार्थीयों ने शिक्षकों का सम्मान कर उन्हे उपहार भेंट किए। महाविद्यालय की छात्रा तनिष्का मोदी और सृष्टि गौर के द्वारा जीवन में शिक्षक की महत्ता के बारे में बताया गया। उन्होंने बताया की माता पिता के बाद शिक्षक ही है जो हमे सही राह दिखाते है और हमे हमेशा आगे बड़ा कर हमारे भविष्य को उज्जवल बनाते हैं। महाविद्यालय के रजिस्ट्रार राजेश कुमार कुशवाह द्वारा आभार जताया। इस अवसर पर समस्त स्टॉफ उपस्थित रहा।

### जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित...

# पीओपी की मूर्तियों के निर्माण और विक्रय पर रहेगा प्रतिबंध



नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

शांति समिति की बैठक में निर्णय लिया गया कि आगामी त्योहारों पर जिले में प्लास्टर ऑफ पेरिस (पीओपी) मूर्तियों के निर्माण एवं विक्रय पर प्रतिबंध रहेगा। साथ ही शांति समिति के सदस्यों ने जिले वासियों से आग्रह किया है कि अनंत चतुर्दशी के दिन ही प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाए। आगामी त्यौहारों पर कानून व्यवस्था के संबंध में बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर नीरज कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी पर्वो पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई एवं सुझाव दिए गए। बैठक में विधायक नर्मदापुरम डॉक्टर सीतासरन शर्मा, पुलिस अधीक्षक डॉ गुरकरन सिंह, महेंद्र यादव , आचार्य गोपाल प्रसाद खड्डुर, शहर काजी हाफिज अशफाक अली, मनोहर बडानी, अनोखी लाल राजोरिया, फैजान उल हक, हंस राय सिटी मजिस्ट्रेट श्रीमती संपदा सराफ, डीएसपी ट्रैफिक संतोष मिश्रा, डीएसपी रोहित राठौर, डिस्ट्रिक्ट कमांडेंट राजेश जैन सहित अन्य शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे.

कलेक्टर ने सदन को संबोधित करते हुए कहा पूर्व की तरह जिले में आगामी पर्व भी शांतिपूर्ण एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाए जाए। कलेक्टर ने नगर पालिका को निर्देश दिए कि आगामी सभी पर्वों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। त्योहारों के दौरान पेयजल, विद्युत आपूर्ति की भी बेहतर व्यवस्था रहें।

## गणेश उत्सव पर डीजे रहेगा प्रतिबंधित



**इटारसी।** आगामी गणेश उत्?सव व अन्?य त्?योहारों के लिए शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। रेस्?ट हाउस परिसर में आयोजित हुई बैठक में नगरपालिका अध्?यक्ष पंकज चौरे, एसडीएम नीता कोरी,एसडीओपी महेंद्र सिंह चौहान, तहसीलदार सुनीता साहनी, टीआई गौरव सिंह बुंदेला, पत्रकार प्रमोद पगारे सहित अन्?य मौजूद थे। बैठक में शांति समिति के सदस्यों द्वारा आगामी पर्वो पर आवश्यक व्यवस्थाओं को लेकर चर्चा की गई एवं सुझाव दिए गए। बैठक में तय हुआ कि गणेश उत्?सव पर डीजे नहीं बजाया जाएगा। प्रतिमा मुख्?य रोड पर स्?थापित होगी तो मार्ग पूरा बंद नहीं होगा। नपा मेहरागांव में कृतिम कुंड बनाएगी, यहां प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। नगरपालिका अध्?यक्ष पंकज चौरे ने संबोधित करते हुए कहा पूर्व की तरह शहर में त्?योहार शांतिपूर्ण एवं आपसी सद्भाव के साथ मनाए जाए। श्री चौरे ने कहा कि आगामी सभी पर्वों पर स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाएगा। त्योहारों के दौरान पेयजल, विद्युत आपूर्ति की भी बेहतर व्यवस्था रहेगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से कहा कि ट्रैफिक व्यवस्था सुचारू रहे। आगामी त्योहारों पर निकल जाने वाले चल समारोह, पंडालों आदि की विस्तृत सूचना संबंधित एसडीएम एवं थाना क्षेत्र में दी जाएं।

## रचनात्मक गतिविधियों से मतदाताओं को करें जागरूक : कलेक्टर

**नर्मदापुरम।** आगामी विधानसभा निर्वाचन की दृष्टिगत मतदाता जागरूकता के संबंध में मंगलवार को कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी नीरज कुमार सिंह की उपस्थिति में सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एसएस रावत सहित सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर सिंह ने संबोधित करते हुए कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म लोगों तक जानकारी पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि जिले के सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स मतदाता जागरूकता में भी अपनी सक्रिय भूमिका निभाए।

# एकलव्य विद्यालयों की सांस्कृतिक स्पर्धा में 500 छात्र-छात्राएं और शिक्षक शामिल

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

जनजाति कार्य विभाग द्वारा संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों के नर्मदापुरम जोन की दो दिवसीय सांस्कृतिक एवं साहित्यिक स्पर्धाओं का आयोजन एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय भरगदा ( केसला ) में सम्पन्न हुआ. इस आयोजन में केसला ( नर्मदा पुरम), शाहपुर भैंसदेही (बैतूल) रहटगांव (हरदा), बुधनी (सीहोर), जुन्नारदेव सिंगार दीप, तामिया (छिंदवाड़ा), भोपाल तथा गुना जिलों के 500 से अधिक विद्यार्थियों तथा शिक्षकों ने सहभागिता की साहित्यिक स्पर्धाओं के अंतर्गत भाषण, तात्कालिक भाषण, वाद विवाद, रचनात्मक लेखन, क्विज, स्पेल बी कहानी एवं कविता पाठ, तथा चित्रकला, सांस्कृतिक स्पर्धाओं के अंतर्गत के एकल गायन, समूह गायन, और नाटक की प्रतियोगिताएं आयोजित गई। छिंदवाड़ा जिले ने स्पर्धाओं में कुल 04 स्वर्ण 04 रजत 05 कांस्य पदक, कुल 21 पदक प्राप्त कर ओवरऑल चैंपियनशिप जीती। मेजबान नर्मदापुरम ने 05 स्वर्ण 2 रजत 5काँस्य पदक, कुल 16 पदक प्राप्त कर दूसरा स्थान प्राप्त किया।



### मेट्रो एंकर | जिलेभर के अधिकारी, कर्मचारी रहे उपस्थित

# कृषि उपसंचालक के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन

नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो।

प्रदेश के संयुक्त कृषि मोर्चा के आंदोलन के प्रथम चरण के आव्हान पर अपनी सात सूत्रीय मांगों को लेकर जिला नर्मदापुरम में उप संचालक कृषि जे आर हेडाऊ के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर प्रमोद गुर्जर को ज्ञापन सौंपा गया.

इस अवसर पर सहायक संचालक जे एल कास्दे, गोविंद सिंह मीणा.शैलेंद्र राठौर श्रीमती अर्चना परते सरजू लाल इवने राजीव यादव,सुनील धोटे सियाराम सोलंकी, कृषि विकास अधिकारी संघ के अध्यक्ष संजय पाठक ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश चौरे, सहित के एन त्रिपाठी पी एल प्रजापति, सलिल साहू, कुमारी प्रियंका राठौर, जी पवार, पंकज तिवारी, एम के मंसूरी, आयुष चौहान, भूपेंद्र सिंह चौहान, एच एस सराठे, बी एल उमरिया, वी के यादव, राजकुमार उइके,विजय सिंह चौधरी, राजेश रिछारिया एस के श्रोती, श्रीमती प्राची शर्मा, बीके गुप्ता, केवल राम संतौरे तथा वीरेंद्र मिर्धा आदि उपस्थित थे. ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश चौर ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी की सहयोग एवं अथक परिश्रम के कारण प्रदेश को विगत लगातार 7 वर्षों से कृषि कर्मण अवार्ड से नवाजा जा रहा है एवं प्रदेश की कृषि विकास दर लगातार 10 वर्षों से 18त्न से अधिक बनी हुई है. प्रदेश सरकार की कृषि हितेषी योजनाओं को कृषकों के खेतों एवं गांव -गांव तक पहुंचने में कृषि विभाग के अधिकारी व कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है. चौरे का कहना है कि विभागीय अमले की मूल संरचना से लगभग 25 प्रतिशत संख्या के बावजूद शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन पूरी लगन एवं शिद्दत के साथ कर रहे हैं. फिर भी अन्य विभागों की तुलना में कृषि विभाग के अधिकारी कर्मचारी को शासन स्तर पर उपेक्षा का शिकार होना पड़ रहा है. यह कृषि विभाग के कर्मचारी अधिकारियों के हित के अनुकूल नहीं है.



## लक्ष्मीकांत लोककल्याण न्यास का आयोजन

# सेवानिवृत्त शिक्षकों पर पुष्प वर्षा कर विधायक उमाकांत ने किया सम्मानित



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

प्रतिबर्षानुसार इस बर्ष भी लोकमंगल समिति एवं श्री लक्ष्मीकांत शर्मा लोककल्याण न्यास द्वारा 5 सितम्बर को शिक्षक दिवस के अवसर पर शिक्षक सम्मान समारोह का भव्य आयोजन हुआ। इस अवसर पर स्थानीय श्री शीतलामाता मंदिर पंचकुईयॉ पर विगत शिक्षण सत्र में सेवानिवृत हुए सिरोंज-लटेरी तहसील के शासकीय शिक्षकों का सम्मान समिति सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लालचंद राजपूत प्राचार्य शासकीय लाल बहादुर महाविद्यालय ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि हम लोकसेवक है इसलिए हमें अपने काम को पूर्ण लगन एवं ईमानदारी से करना चाहिए। हम रेलगाड़ी के उस इंजन की तरह होते हैं जिस पर रेलगाड़ी के सभी डिब्बे आश्रित होते हैं वैसे ही छात्र शिक्षक पर आश्रित होते हैं उन्हें जीवन में आगे ले जाने का दायित्व एक अच्छे शिक्षक का ही होता है। इस अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अनुविभागीय अधिकारी हर्षल चौधरी ने कहा कि शिक्षक अपने अस्तित्व का ऑकलन वेतनमान से न करके अपने गरिमामय पद से करें तो अधिक वेहतर होगा। हम अपनी जिम्मेदारी को अच्छी तरह से समझेंगे तो एक नये एवं शिक्षित भारत का निर्माण करेंगे- संसार में ऐसा कोई द्रव्य नहीं जिसे देकर गुरू ऋण से मुक्त हुआ जाये-उमाकांत शर्मा इस अवसर पर समिति संरक्षक एवं क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा ने कार्यक्रम में उपस्थित सभी शिक्षकगणों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस संसार जिसके पास विद्या, तप, दान और सदाचार नहीं है वह मनुष्य के रूप में पशुओं के समान जीवन व्यतीत करता है। इस संसार में शिक्षक ही वह महान व्यक्ति है जो हमे विद्या प्रदान करके सदाचारी एवं तपस्वी बनाता है। शिक्षक और शिष्य एक दूसरे के पूरक है वह अपने शिष्य के मस्तिष्क में विद्या रूपी बीज का रोपण करता है साथ ही हम समाज में कैसे अपने जीवन जियें यह शिक्षा भी हमें अपने गुरू से ही प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि संसार में ऐसा कोई द्रव्य व धन नहीं है जिसे देकर हम अपने गुरू के ऋण से मुक्त हो सकें। हमें गुरूओं का सम्मान जीवन भर करना चाहिए। इस अवसर पर उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षकों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में सिरोंज-लटेरी क्षेत्र के शिक्षक गण उपस्थित रहे।

### इन शिक्षकों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर समिति के द्वारा सेवानिवृत शिक्षिका पुष्पा मुठैले, फरीदा वी, कोकव फामता, सुमनलता दुबे, लखनसिंह यादव, मिश्रीलाल अहिरवार, संतोष शर्मा, शिवनारायण शर्मा, तुलसीराम दादोरिया, जाहिद अली, कैलाश रघुवंशी, हरनामदास बैरागी, राजेश श्रीवास्तव, रघुवीरसिंह मीना, दिनेश कुमार सक्सेना, शिवाजीराव भौंसले का सम्मान किया गया।

## कांग्रेस पार्षद ने सीएमओ से शिकायत कर लगाए भ्रष्टाचार के आरोप

# घटिया मटेरियल से वार्ड एक में बनाई जा रही सीसी सड़क

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

**निर्दलीय पत्र रामदयाल विश्वकर्मा एवं कांग्रेस पार्षद नदीम खान ने सीएम जयंत वर्मा को बुधवार को शिकायत आवेदन दिया। विश्वकर्मा ने इसमें आरोप लगाया कि वार्ड नंबर 1 में 3 लाख की लागत से रोड का निर्माण बहुत ही घटिया किया जा रहा है। चंद दिनों के बाद सड़क गढ़ों में तब्दील हो जाएगी। जनता के पैसे से बन रही सड़क में इस तरह से भ्रष्टाचार नहीं होना चाहिए।**



घटिया काम करने वाले ठेकेदार पर कार्रवाई करने की जगह पर उल्टा ठेकेदारों को कई अधिकारी कर्मचारी खुलेआम संरक्षण दे रहे हैं तभी तो घटिया काम की शिकायत के बाद भी घटिया सामग्री का उपयोग करने वाले ठेकेदार पर किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। उसके द्वारा अपनी मनमर्जी से गुणवत्ता विहीन सी सी सड़क बनाने का काम किया जा रहा है। जिस तरह का निर्माण हो रहा है उसको देखते हुए ऐसा लग रहा है कि केवल भ्रष्टाचार करने के लिए सड़क बनाई इसमें ऐसा लग रहा है। उन्होंने आगे कमीशन खोरी के आरोप भी लगाएं है। सीएमओ से मांग करते हुए कहा सड़क की गुणवत्ता की जांच करके घटिया काम करने वाले ठेकेदार , इसमें लिप्त अधिकारियों कर्मचारी पर भी कार्रवाई करके टेंडर के हिसाब से सही सड़क का निर्माण करवाया जाए। सीएमओ जयंत वर्मा ने बताया कि यदि निर्माण कार्य गुणवत्ता के हिसाब से नहीं किया जा रहा है तो जांच करके कार्रवाई करेंगे भुगतान पर भी रोक लगाई जाएगी संबंधित इंजीनियर को जांच करके रिपोर्ट देने के निर्देश भी दिए हैं ।अव देखना है की घटिया कार्य करने वाले ठेकेदार पर संबंधित उपमंत्र कार्रवाई करेंगे या पर कार्रवाई के नाम पर खाना पूर्ति करके भ्रष्टाचार का खेल इसी तरह चलता रहेगा तभी तो शहर में बनने वाली अधिकांश सड़कें बनने के बात गढ़ों में तब्दील हो रही है।



सिरोंज। वार्ड 1 में घटिया गुणवत्ता की रेत-सीमेंट डालकर सड़क बनाई जा रही है।

# लंबे इंतजार के बाद बरसी उम्मीदें

## बारिश की झड़ी देख किसानों के खिले चेहरे, गर्मी से मिली राहत

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विगत 1 महीने से बारिश नहीं होने के कारण किसानों की हालत खराब हो रही थी क्योंकि खेत में खड़ी उनकी फसल उनके सामने ही बर्बाद होती जा रही है, वहा कुछ नहीं कर पा रहे हैं। खरीफ फसल इस समय पानी की मांग रही है। यह बरसात फसलों के लिए अमृत का काम करेगी। वहीं हिंदू और मुसलमानों के द्वारा अपने-अपने स्तर पर भगवान, मालिक को मनाने के लिए आराधना से लेकर दुआ की जा रही थीं। बुधवार को शाम के समय बारिश का दौर प्रारंभ होते ही किसानों के चेहरे खिल उठे गर्मियों में से भी राहत मिल गई। झमाझम बारिश होने से मुरझा रही फसलों में भी जान आ गई। उनके लिए है पानी अमृत का काम करेगा अभी बारिश नहीं होती तो आने वाले दिनों में जो कुछ फसले बची है वहां भी पूरी तरह से चौपट हो जाती। इसके चलते किसानों के चेहरों पर चिंता की लकीरें साफतौर पर दिखाई दे रही थी आसमान की ओर टकटकी भरी निगाहें लगा कर देख रहे थे। आखिरकार इंद्र देवता ने इनकी पुकार सुनी और बरसात का दौर प्रारंभ होने से काफी राहत मिली है। वहीं शहर की प्यास बुझाने वाला केथन डेम भी पूरी तरह से खाली पड़ा हुआ है। बारिश नहीं होने के कारण वैसे ही गर्मियों उमस के कारण लोगों की हालत खराब हो रही है। बरसात के दिनों में गर्मी जैसे हालात बने हुए हैं बरसात शुरू होते ही कई लोग बारिश का आनंद लेते हुए पानी में भीगते हुए भी नजर आए।



## दिगंबर जैन महिला परिषद ने शिक्षकों को किया सम्मानित



**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

शिक्षक दिवस के अवसर पर परिषद ने सिरोंज के विभिन्न स्कूलों में जाकर शिक्षक व शिक्षिकाओं का का सम्मान किया और बच्चों को मिठाई वितरण की। परिषद ने पहली बार विद्यालयों में जाकर शिक्षकों का सम्मान किया जिसमें परिषद की चेयरपर्सन इंद्रा जैन, अध्यक्ष शशि जैन, सचिव नीता जैन भूपत, महासमिति अध्यक्ष नीता जैन, उपाध्यक्ष आशी जैन व दिव्य देशना परिषद की अध्यक्ष रानी जैन, सचिव- चारू जैन, उषा जैन, ज्योति जैन, सपना जैन आदि सम्मलित थे।

# मुख्य बाजार में अतिक्रमण हटाने पहुंचा नपा का अमला

## अधिकारियों ने पिछले दिनों लिया था जायजा

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**


नगर में मुख्य बाजार से लेकर अन्य क्षेत्रों में अतिक्रमण धारी का बोल वाला इतना अधिक है कि कई बार दो पहिया बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है। अतिक्रमण धारियों पर प्रशासन के द्वारा एक तरफसे ठोस कार्रवाई नहीं कि इसकी वजह से अतिक्रमण पर रोक नहीं लग पा रही है। नगर पालिका परिषद के द्वारा बुधवार को मुख्य बाजार में पीली पट्टी के बाहर अतिक्रमण करने वाले व्यापारियों के यहां पर सामान जप्त करने के साथ अवैध रूप से हुए अतिक्रमण को तोड़ने की कार्रवाई भी की गई। इस दौरान कुछ व्यापारियों से नगर पालिका के कर्मचारियों की तीखी नोंक झोंक भी हुई पर अमले ने किसी की बात को ध्यान में ना देते हुए अपनी कार्रवाई को अंजाम देते हुए कई दुकानों के आगे हुए अतिक्रमण को तोड़ने की की कार्रवाई करते हुए समान को भी अपने कब्जे में लेने का काम किया। अब देखना है कि यह कार्रवाई कितने दिनों तक निरंतर चलेगी मुख्य बाजार से लेकर शहर में जहां भी अतिक्रमण है वहां पर प्रशासन के अधिकारियों को एक तरफसे कार्रवाई करनी चाहिए। इस समस्या का स्थाई रूप से समाधान हो पाएगा नहीं तो कुछ दिनों के बाद फिर अतिक्रमण हो जाएगा।



# सिरोंज जिला बनाओ का मुद्दा सोशल मीडिया में फिर छाया

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

विधानसभा चुनाव की सुगबुगाहट तों प्रारंभ हो गई है कांग्रेस एवं भाजपा से चुनाव की ताल ठोकने के लिए तों कई नेता सामने आ रहे है लेकिन किसी नेता ने अभी तक सिरोंज को जिला बनाने की बात नही कि है सिर्फ भाजपा के वरिष्ठ नेता कपिल त्यागी को छोडकर कर । हम बात कर रहे है सिरोंज लटेरी विधानसभा की जहां पर कांग्रेस और भाजपा के नेता अपने अपने स्तर से चुनाव की तैयारियों मे तों लग गये है लेकिन किसी नेता ने अभी तक सिरोंज जिला बनाने की बात नही कि है चाहे वों भाजपा के नेता हो या कांग्रेस के कि हमारे सरकार बनती है तों सिरोंज जिला बनेगा । वही हम बात करे तों भाजपा के वरिष्ठ नेता कई वर्षो से निरंतर सिरोज जिला बनाओं अभियान के लिए निरंतर मेहनत करने वाले कपिल त्यागी जों लगातार गांव गांव जाकर सिरोंज को जिला बनाने के लिए लगे हुए है । वही हम बात करे तों मध्यप्रदेष में हाल ही में दो नवीन जिलो की घोषणा हुई है लेकिन फिर से सिरोंज की उपेक्षा हुई है । श्री त्यागी समय समय पर राज्य षासन के नाम स्थानीय प्रषासन को ज्ञापन देकर सिरोंज को जिला बनाने की मांग कर रहे है लेकिन अभी तक इस और सरकार ने ध्यान नही दिया है । वही सोषल मीडिया पर एक बार फिर सिरोंज जिला बनाने की मांग जोरो षोरो से उठी है।




## मेट्रो एंकर

## बमोरी शाल से ट्रॉली चोरी की थी, कड़ी मशक्कत पर मिली सफलता

# दीपना खेड़ा पुलिस ने चोरों को पकड़ा, ट्राली बरामद

**सिरोंज, दोपहर मेट्रो।**

पिछले दिनों बमोरी शाल से ट्रॉली को चोरी करके ले जाने वाले चोरों को दीपना खेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया इनके पास से चोरी गई ट्राली को भी जप्त कर लिया गया है। दीपनाखेड़ा पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला , एसपी समीर यादव एवं एसडीओपी उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में दीपनाखेड़ा पुलिस ने उक्त मामले में कार्रवाई करते हुए कड़ी से कड़ी जोड़ते हुए तथा मुख्य बिर की सूचना पर ट्रैक्टर ट्राली चोर गिरोह को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं।

एसडीओपी त्रिपाठी ने बताया फरियादी कमल सिह लोधी निवासी ग्राम बामोरीशाला थाना दीपनाखेडा व्दारा दिनांक 14 अगसत की दरम्यानी रात्री में कोई अज्ञात चोर बंगला चौराहा रोड बाहर खड़ी को कोई अज्ञात चोर ट्रेक्टर में ट्राली फंसा कर चोरी कर ले गया है, सूचना पर त्वरित रूप से कार्यवाही करते हुए ग्राम में स्थापित ब्ब्ट कैमरे देखे जाने पर रात्री में रोड से एक ट्रैक्टर में ट्राली लगाकर करीला रोड तरफजाना पाया गया परन्तु वाहन के नम्बर व चालक का चेहरा पहचान में नही आने से फरियादी की शिकायत पर 18 अगस्त को अज्ञात आरोपियों पर चोरी का प्रकरण दर्ज करके विवेचना प्रारंभ करते हुए दीपनाखेड़ा से एक पुलिस टीम बनाकर घटना समय की मोबाइलो की काल डिटेल निकलवाई जाकर काल डिटेल से सन्देही की तस्दीक करने पर शंका होने पर 1 रवि अहिरवार पुत्र कैलाश अहिरवार उम्र 22 साल निवासी मुढरा खुर्द थाना आरोन, 2 रामप्रकाश यादव पुत्र हरिराम यादव उम्र 32 साल निवासी ग्राम ढिमरयाई थाना आरोन से कड़ाई से पूछताछ की चोरी करना स्वीकार करते हुए इनके पास से चोरी गई ट्राली के सम्बंध में पूछताछ करने पर चोरी करना स्वीकार करते ट्राली कीमती करीब 50 हजार रूपये को रामप्रकाश यादव के कब्जे से तथा ट् फार्मट्रैक ट्रैक्टर कीमती 4 लाख रूपये को रवि अहिरवार के कब्जे से जप्त करके आरोपियों को न्यायालय में पेश किये गये हैं। उन्होंने बताया कि रवि अहिरवार पहले भी इसी तरह की छोरियों में मुलजिम है उसे अन्याचूरिंग संबंध में पूछताछ करेंगे।



**इनकी रही सराहनीय भूमिका :** थाना प्रभारी उप निरी. अनुज प्रताप सिंह, चौकी प्रभारी सउनि रामेश्वर सिह जाट, साइबर शाखा प्रभारी उपनिरीक्षक उमेश पाल,स उ नि पवन जैन ,प्र.आर. सुल्तान पटेल आरक्षक राजकुमार रघुवंशी ,सैनिक हरनाम सिंह की रही । पुलिस अधीक्षक ने इस सफलता पर टीम को नगद पुरस्कार देने की बात कही।

### बारिश के मौसम में श्रीलंका को 9 मैचों की मेजबानी मिलना बनी परेशानी

# एशिया कप: पाकिस्तान में होना था टूर्नामेंट भारत के कारण शेड्यूल में देरी हुई

**कैंडी, एजेंसी**

श्रीलंका और पाकिस्तान में खेला जा रहा एशिया कप अब तक का सबसे विवादित एसीसी टूर्नामेंट होता जा रहा है। बुधवार को लाहौर में करीब आधे घंटे तक मैच सिर्फ इसलिए रोकना पड़ा, क्योंकि गद्दाफी स्टेडियम की फ्लडलाइट्स चालू नहीं हुई। फ्लडलाइट्स तो लापरवाही का नतीजा है, लेकिन बारिश के मौसम में श्रीलंका को 9 मैचों की मेजबानी मिलना, होस्ट देश को ही 4 मैचों के लिए 3 बार ट्रैवलिंग करना, खाली पड़े स्टेडियम, महंगे टिकट, मेजबानी को लेकर कन्फ्यूजन और खराब शेड्यूलिंग जैसे विवाद भी इस टूर्नामेंट के साथ जुड़ चुके हैं। साल 2021 में ही तय हो गया था कि 2023 एशिया कप की मेजबानी पाकिस्तान करेगा। सब कुछ तय था, लेकिन शेड्यूल जारी होने से पहले बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कह दिया कि टीम इंडिया पाकिस्तान नहीं जाएगी। बस यहीं से पहला विवाद शुरू हो गया।




### मेजबान को ही 2 देशों की 3 यात्राएं करनी पड़ी

जून में तय हुआ था कि एशिया कप पाकिस्तान के साथ श्रीलंका में होगा। उस समय नजम सेठी ने कहा कि उन्होंने यूएई में टूर्नामेंट कराने की मांग की थी, लेकिन उनकी मांग ये कहकर टाल दी गई थी कि वहां बहुत गर्मी होगी। जबकि 2022 में पिछला एशिया कप लगभग इसी समय 27 अगस्त से 11 सितंबर तक यूएई में ही खेला गया था। एसीसी ने यूएई में लगातार तीसरी बार एशिया कप नहीं कराने का फैसला किया और 2 देशों में मैच कराए गए। 2022 से पहले 2018 का एशिया कप यूएई में हुआ था। 2022 का एशिया कप यूएई में हुआ था। 6 टीमों का एशिया कप पहली बार हाइब्रिड मॉडल में खेला जा रहा है। 1984 में शुरू हुआ ये टूर्नामेंट इससे पहले 15 बार खेला गया, लेकिन कभी भी 2 देशों में एक साथ मैच नहीं हुए। इस बार 2 देशों में मैच हो रहे हैं, जिस कारण टीमों की ट्रैवलिंग बढ़ गई। यहां तक कि होस्ट देश पाकिस्तान को ही 4 मैचों के लिए 2 देशों में 3 यात्राएं करनी पड़ गईं।

### कोलंबो में होंगे मुकाबले, लेकिन यहां बारिश की संभावना

अभी तक सुपर-4 स्टेज के लिए वेन्यू चेंज नहीं हुआ, लेकिन मौसम वेबसाइट एक्यूवेदर के अनुसार कोलंबो शहर में अगले 10 दिन तक भारी बारिश की संभावना है। 9 सितंबर को कोलंबो में श्रीलंका और बांग्लादेश के बीच मैच होगा, इस दिन 80 फीसदी बारिश की संभावना है। अगले ही दिन भारत-पाक मैच होगा, इस दिन भी 80न्न बारिश की संभावना है। वहीं बारिश के कारण अब तक 2 मैच प्रभावित हुए, दोनों ही मुकाबले भारत के थे। बारिश के कारण इन मुकाबलों के टिकट कम बिके। इनके अलावा लाहौर में हुए मुकाबलों में भी कम ही दर्शक पहुंचे।

### खाली पड़े स्टेडियम

नेपाल और पाकिस्तान के बीच एशिया कप का ओपनिंग मैच मुल्तान में खेला गया, लेकिन 35 हजार दर्शक क्षमता वाले इस स्टेडियम में मुकाबला देखने के लिए बहुत कम दर्शक पहुंचे। यहां तक कि आधे से ज्यादा स्टेडियम पूरे मैच में खाली ही नजर आया। अफगानिस्तान-बांग्लादेश और अफगानिस्तान-श्रीलंका में हुए लाहौर के मुकाबलों में भी बेहद कम दर्शक पहुंचे। मुल्तान के मुल्तान क्रिकेट स्टेडियम में एशिया कप के ओपनिंग मैच के दौरान स्टेडियम खाली नजर आया था। वहीं फ्लडलाइट्स बंद हो जाने के कारण एशिया कप में सुपर-4 स्टेज का पहला मैच रोकना पड़ा था। इस दौरान पाकिस्तानी पारी के 5 ओवर पूरे हो चुके थे।

### बारिश ने भारत-पाक मैच का मजा खराब किया

महीनों तक चर्चाओं के बाद तय हुआ कि श्रीलंका में भारत के सभी मैच होंगे और कैंडी शहर में भारत-पाकिस्तान का मुकाबला होगा, लेकिन सितंबर के दौरान तो श्रीलंका में बारिश होती है, अभी यहां रिटर्निंग मॉनसून का समय है और देश के कई शहर बारिश की मार झेल रहे हैं। 2 सितंबर को भारत-पाक मैच पर भी बारिश का साया मंडरा रहा था। भारत ने पहली पारी खेली और 266 रन बनाए। लगा कि मैच पूरा हो जाएगा, लेकिन दूसरी पारी से पहले बारिश शुरू हो गई। बारिश बंद नहीं हुई और मैच रद्द घोषित करना पड़ा। बेनतीजा मैच के कारण दोनों ही टीमों को 1-1 पॉइंट मिला।

### यूएस ओपनः मेंस डबल्स में बोपन्ना की जोड़ी जीती

## कोको गॉफ ने पहली बार अंतिम 4 में बना ली जगह



**न्यूयार्क, एजेंसी**

सर्बिया के स्टार टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच और अमेरिका की युवा खिलाड़ी कोको गॉफ यूएस ओपन के सेमीफाइनल में पहुंच गए हैं। वहीं मेंस डबल्स में भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने अपने ऑस्ट्रेलियाई साथी मैम्यू एबडेन के साथ सेमीफाइनल के लिए प्रवेश कर लिया है।

नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को हरायाः मेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में नोवाक जोकोविच ने टेलर फ्रिट्ज को हराया। जोकोविच 47वीं बार किसी ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। वहीं यूएस ओपन में वे 13वीं बार सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। जोकोविच 17वीं बार यूएस ओपन में खेल रहे हैं। गॉफ ने वर्ल्ड नंबर-1 स्वितेक को हराने वाली ओस्टापेंको को हराया खेले गए विमेंस सिंगल्स के क्वार्टर फाइनल में कोको गॉफ ने 2017 फ्रेंच ओपन की विनर जेलेना ओस्टापेंको को सीधे सेटों में हराया। गॉफ ने ओस्टापेंको को 6-0, 6-2 से हराकर यूएस ओपन के सेमीफाइनल में जगह बनाई। ओस्टापेंको डिफेंडिंग चैम्पियन इगा स्वितेक को प्री-क्वार्टर फाइनल में हराया था। रोहन बोपन्ना भी सेमीफाइनल में पहुंचेः भारत के रोहन बोपन्ना और उनके ऑस्ट्रेलियाई साथी मैथ्यू एबडेन मेंस डबल्स के सेमीफाइनल में पहुंच गए है। उनकी जोड़ी ने क्वार्टर फाइनल में अमेरिकी जोड़ी नथानिएल लैमन्स और जैक्सन विथ्रो को 7-6 (10), 6-1 से हराया।

## एनालिसिस: पाकिस्तानी पेसर्स के सामने बिखरे बांग्लादेशी, शान्तो की कमी खली

**लाहौर, एजेंसी**

पाकिस्तान ने एशिया कप-2023 में सुपर-4 स्टेज के पहले मुकाबले में बांग्लादेश को 7 विकेट से हराया। लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। टीम 38.4 ओवर में 193 रन पर ही ऑल आउट हो गई। जवाब में पाकिस्तान ने 39.3 ओवर में 3 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। सुपर-4 के अहम मुकाबले में बांग्लादेश का टॉप ऑर्डर फ्लॉप रहा। टीम के टॉप ऑर्डर में टूर्नामेंट के टॉप स्कोरर नजमुल हुसैन शान्तो की कमी



खली। वे हैमस्ट्रिंग इंजरी के कारण यह मैच नहीं खेल रहे थे। टीम के टॉप और लोअर ऑर्डर बैटर्स फेल रहे और बॉलर्स भी प्रभावी प्रदर्शन नहीं कर सके। फील्डिंग भी औसत रही। शान्तो की गैरमौजूदगी में टीम के बैटर्स पाकिस्तानी गेंदबाजों की मार नहीं झेल सके और टीम ने 47 रन पर ही चार विकेट गंवा दिए। यहां से कप्तान शाकिब अल हसन ने मुश्फिकुर रहीम के साथ मिडिल ऑर्डर में शतकीय साझेदारी कर टीम का स्कोर 200 के करीब पहुंचाया, लेकिन टीम के गेंदबाज इसे डिफेंड करने में नाकाम रहे। पिछले मैच में चार विकेट लेने वाले तस्कीन भी एक विकेट ही ले सके। टीम के किसी बॉलर ने एक से ज्यादा विकेट नहीं लिया। पाकिस्तान ने विकेट बचाए, लेकिन रन धीमी गति से बनाए मुकाबले का पावरप्ले कॉन्टेस्ट पाकिस्तान के नाम रहा।

### वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम का ऐलान

## पैट कमिंस होंगे कप्तान, तेज गेंदबाज एबॉट भी टीम में

**बेंगलुरु, एजेंसी**

वनडे वर्ल्ड कप के लिए ऑस्ट्रेलिया टीम का ऐलान कर दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक महीने बाद शुरू होने वाले वनडे वर्ल्ड कप के लिए 15 खिलाड़ियों को चुन लिया है। टीम की कप्तानी पैट कमिंस के पास ही रहेगी। टीम में तेज गेंदबाज सीन एबॉट को भी जगह मिली है, ये उनका पहला वर्ल्ड कप होगा। पांच बार की वर्ल्ड चैम्पियन ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला 8 अक्टूबर को चेन्नई के चेपॉक मैदान पर मेजबान भारत से होगा। पैट कमिंस (कप्तान), स्टीव स्मिथ,



एलेक्स कैरी, जोश इंग्लिस, सीन एबॉट, एश्टन एगर, कैमरून ग्रीन, जोश हेजलवुड, ट्रैविस हेड, मिचेल मार्श, ग्लेन मैक्सवेल, मार्कस स्टोइनिस, डेविड वार्नर, एडम जाम्पा और मिचेल स्टार्क।

**लाबुशेन को टीम में जगह नहीं:** टेस्ट टीम के स्टार खिलाड़ी मार्नस लाबुशेन को टीम में जगह नहीं मिली है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने पिछले महीने वनडे वर्ल्ड कप के लिए 18 संभावित खिलाड़ियों को चुना था। संभावितों में सबसे चौंकाने वाला नाम अनकैप्ड लेग स्पिनर तनवीर सांघा और अनुभवहीन ऑलराउंडर एरोन हार्डी का था। जो 18 में से तीन खिलाड़ियों को टीम में जगह नहीं मिली है, वो एरोन हार्डी, तेज गेंदबाज नाथन एलिस और युवा स्पिनर तनवीर सांघा हैं।

**मनोरंजन** **बॉलीवुड का कोना**

## नाम बदलेंगे हम थोड़ी बदलेंगे : जैकी श्रॉफ

दिल्ली के प्रगति मैदान में 9-10 सितंबर के बीच जी 20 बैठक होने जा रही है। इस बैठक के डिनर में शामिल होने के लिए राष्टपति भवन से एक इन्विटेशन कार्ड भेजा गया है, जिसमें प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया की जगह प्रेसीडेंट ऑफ भारत लिखने पर विवाद छिड़ गया। विपक्षी दलों का कहना है कि केंद्र सरकार देश का नाम इंडिया से बदलकर भारत करना चाहती है। ऐसे में बॉलीवुड एक्टर जैकी श्रॉफ ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। जैकी श्राफ दिल्ली के एक कार्यक्रम में शामिल हुए। जहां उनसे नाम बदलने को लेकर उनकी राय पूछी गई। जैकी ने कहा- भारत बोलना कोई बुरी बात तो नहीं है। इंडिया है तो इंडिया है, भारत है तो इंडिया है। मेरा नाम जैकी है, मुझे कोई जॉकी बोलता है, कोई जैकी बोलता है। मेरे नाम को इतना तोड़ देते हैं पर मैं नहीं बदलूंगा। हम कैसे बदलेंगे? नाम बदलेंगे हम थोड़ी बदलेंगे। भारत भारत है।



### देश का नाम भारत होना चाहिए: कंगना

वहीं देश का आधिकारिक नाम इंडिया से भारत किए जाने के कयासों के बीच एक्ट्रेस कंगना रनोट ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया है। सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए कंगना ने बताया कि उन्होंने 2021 में इस बात का अनुमान लगा लिया था कि जल्द ही देश नाम बदलकर इंडिया से भारत होना चाहिए। कंगना ने ट्विटर पर अपने पुराने इंटरव्यू का स्क्रीनशॉट शेयर किया है, जिसमें दो साल पहले उन्होंने देश का नाम बदलने की इच्छा जाहिर की थी। उन्होंने कहा था- 'हमें इंडिया नाम अंग्रेजों ने मिला है, इसलिए देश का नाम भारत होना चाहिए। अपना पुराना ट्वीट शेयर करते हुए कंगना ने लिखा-'सभी को बधाइयां, हम सभी गुलामी के नाम से आजाद हो गए जय भारत।'

## करीना बोली- ओटीटी डेब्यू को लेकर नर्वस हूं

करीना फिल्म 'जाने जां' के जरिए करीना ओटीटी डेब्यू करने जा रही हैं। इसमें उनके अपोजिट जयदीप अहलावत और विजय वर्मा जैसे कलाकार नजर आएंगे। एक्ट्रेस ने कहा कि अपने इस ओटीटी डेब्यू के लिए वो उतनी ही नर्वस हैं जितना 20 साल पहले अपने बॉलीवुड डेब्यू के वक्त थीं। करीना कपूर ने अपने करियर में वैराइटी रोल्स किए हैं। जल्द ही वे नेटफिलक्स की फिल्म जाने जां में नजर आएंगी। हाल ही में हुए इस फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट पर करीना ने बताया कि उन्होंने इस बात पर गुस्सा आता है कि लोग उन्हें सिर्फ दो ही किरदारों के लिए याद रखते हैं। मीडिया से बात करते हुए करीना ने कहा, 'बतौर एक्टर आप हमेशा अलग-अलग तरह के किरदार निभाना चाहते हैं पर मेरे लिए यह थोड़ा मुश्किल है। मुझे सिर्फ पू और गीत के किरदार के लिए पहचाना जाता है। ये बात लोगों के दिमाग में अटक गई है।



## रियल रॉक स्टार है पूजा कासेकर

मराठी फोक डांस, मराठी फिल्स - सीरियल्स , हिंदी फिल्म्स - म्यूमजिक एलबम्सय या दक्षिण भारत की फिल्स्धन सबमें फिट और सुपर हिट मॉडल, डांसर और एक्ट्रीस पूजा कासेकर लगातार अपने टैलेंट के जरिए राज कर रही हैं। पूजा का प्रोफेशनलिज्मि ऐसा है कि वह हर तरह के काम कर पा रही है। तेलुगू, तमिल, कन्नसड़ फिल्मोंल में पूजा अपनी पहचान बनाने में कामयाब रही हैं तो दूसरी तरफ कारपोरेट शोज, वेडिंग डांस शोज में भी वह लगातार बिजी हैं। बॉलीवुड के टॉप म्यूीजिक डायरेक्ट।र्स, सिंगर्स के साथ वे कई देशों में शोज कर रही हैं। पूजा ने मीडिया से कहा कि मैं मुंबई से ही हूं और शुरू से ही मेरा फोकस डांस पर रहा। मैंने बॉलीवुड के कई कोरियोग्राफर्स को असिस्ट् किया है। यहीं से मुझे चांस मिला और फिर एक के बाद एक शोज मिलते गए। उन्हें बदलापुर ब्वॉ ज, मुंबई मिरर, डी सैटरडे नाइट और अन्यब में खूब पसंद किया गया हैं। पूजा की तेलुगु हिट्स में प्रवरकिव्ड्यु, हॉस्टल डेज़, वसूल राजा@आरएक्स 100, जंबा लिकाडी पुंबा और सूर्यापेट जंक्शन शामिल हैं।





**मेट्रो बाजार**

## अब क्यूआर कोड स्कैन कर निकाल सकेंगे एटीएम से कैश

**नईदिल्ली, एजेंसी**

यूपीआई-एटीएम सुरक्षित और यूज करने में काफी आसान है। जापान की कंपनी हिताची पेमेंट सर्विसेज ने नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के साथ मिल कर देश का पहला व्हाइट लेवल यूपीआई-एटीएम लॉन्च किया है। कंपनी ने इसका नाम हिताची मनी स्पॉट यूपीआई-एटीएम दिया है। इससे यूजर अब डिस्प्ले पर यूपीआई-एटीएम के जरिए क्यूआर कोड स्कैन कर कैश निकाल पाएंगे। इसके लिए आपके स्मार्ट फोन में कोई भी यूपीआई-एटीएम इनेबल ऐप की जरूरत होगी। इसमें आपको एटीएम मशीन पर जाकर निकाले जाने वाली अमाउंट को सिलेक्ट करना होगा। इसके बाद एटीएम पर क्यूआर कोड डिस्प्ले होगा। अपने मोबाइल में इन्स्टॉल यूपीआई पेमेंट ऐप को खोले और उससे ये क्यूआर कोड स्कैन करें। इसके बाद आपको अपना यूपीआई पिन भरकर प्रोसीड बटन पर क्लिक करना है।



पिछले साल 19 मई को रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ने एक सर्कुलर जारी कर यूपीआई के जरिए कैश विड्रॉल की सुविधा देने की जानकारी दी थी। सर्कुलर में आरबीआई ने कहा था कि सभी बैंक, यूपीआई नेटवर्क और व्हाइट लेबल ऑपरेटर्स अपने यूपीआई पर इंटर-ऑपरेबल कार्डलेस कैश विड्रॉल की सुविधा उपलब्ध कराएं। वैसे एटीएम मशीनें जिनकी ऑनरशिप, मेंटेनेंस और ऑपरेशन की जिम्मेदारी किसी नॉन-बैंकिंग सर्विस प्रोवाईडर के पास होता है। नॉन-बैंकिंग एटीएम ऑपरेटर भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा पेमेंट एंड सेटलमेंट सिस्टम एक्ट, 2007 के नियमों के अनुसार ऑथराइज हैं। लॉन्च पर कंपनी ने बताया कि वह भारत का पहला यूपीआई-एटीएम लॉन्च कर रही है जो एक तरह का व्हाइट लेवल एटीएम होगा। लॉन्च पर कंपनी ने बताया कि वह भारत का पहला यूपीआई-एटीएम लॉन्च कर रही है जो एक तरह का व्हाइट लेवल एटीएम होगा।

## हल्दीराम की स्नैक्स मार्केट में 13 फीसदी हिस्सेदारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्नैक्स कंपनी हल्दीराम ने टाटा ग्रुप की कंपनी को 51 फीसदी हिस्सेदारी बेचने की खबरों का खंडन किया है। स्टॉक एक्सचेंजों ने हिस्सेदारी खरीदने से जुड़ी खबरों को लेकर टाटा कंज्यूमर से स्पष्टीकरण मांगा था। जवाब में कंपनी ने कहा कि वह इस तरह की किसी भी बातचीत में नहीं है। इससे पहले दिन में न्यूज एजेंसी रॉयटर्स ने सूत्रों के हवाले से अपनी एक रिपोर्ट में बताया था कि टाटा कंज्यूमर इंडियन फूड स्नैक्स मैन्युफैक्चर हल्दीराम की 51 स्नैक्स हिस्सेदारी खरीद सकती है। हालांकि दोनों के बीच 10 अरब डॉलर के वैल्यूएशन को लेकर सहमति नहीं बन पा रही है। टाटा ग्रुप की कंपनी को ये वैल्यूशन काफी ज्यादा लग रहा है। हल्दीराम के स्नैक्स सिंगापुर और अमेरिका जैसे विदेशी बाजारों में भी बेचे जाते हैं। इसकी शुरुआत 1937 में एक छोटी सी दुकान से हुई थी। हल्दीराम के स्नैक्स सिंगापुर और अमेरिका जैसे विदेशी बाजारों में भी बेचे जाते हैं। इसकी शुरुआत 1937 में एक छोटी सी दुकान से हुई थी। यूरोमॉनिटर इंटरनेशनल के अनुसार, भारत के 6.2 अरब डॉलर के स्नैक्स मार्केट में हल्दीराम की लगभग 13 प्रतिशत हिस्सेदारी है। लेज चिप्स के लिए मशहूर पेप्सी का भी लगभग 13 फीसदी हिस्सा है। हल्दीराम के स्नैक्स सिंगापुर और अमेरिका जैसे विदेशी बाजारों में भी बेचे जाते हैं। कंपनी के पास लगभग 150 रेस्तरां हैं। इसकी शुरुआत 1937 में एक छोटी सी दुकान से हुई थी। टाटा कंज्यूमर के पोर्टफोलियो में टी, कॉफी, बेवरेज और फूड शामिल है। टाटा कंज्यूमर यूके की चाय कंपनी टेटली का भी मालिक है। स्टारबक्स के साथ भी टाटा की साझेदारी है।

## मामला दर्ज

### शादी का प्रलोभन देकर एएसआईएम ने किया युवती का दैहिक शोषण



**भोपाल।** कमला नगर थाना क्षेत्र स्थित न्यू रेडियो कॉलोनी में एएसआईएम द्वारा युवती से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर बलात्कार और दैहिक शोषण की धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 24 साल की युवती मूलत: बैतूल की रहने वाली है और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही है। उसकी मुलकात बैतूल निवासी सुभांष कोचे से हुई थी। सुभांष कोचे पुलिस के रेडियो शाखा में एएसआईएम के पद पर है। सुभांष और युवती के बीच प्रेम प्रसंग चल रहा था और उनकी शादी की बात भी चल रही थी। इसी बीच आरोपी सुभांष द्वारा युवती को अपने घर बुलाकर करीब छह महीने से शारीरिक संबंध बनाए गए। अब आरोपी शादी करने से मुकर गया।

# आठवीं की छात्रा ने जहरीला पदार्थ पीया, इलाज के दौरान हुई मौत

## उल्टी करने पर परिजनों ने किया था अस्पताल में भर्ती

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

**बैरसिया थाना क्षेत्र स्थित गांव भैंसोदा में मंगलवार देर रात आठवीं कक्षा की छात्रा ने जहरीला पदार्थ खा लिया। उल्टियां करने पर ताऊ उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बैरसिया लेकर पहुंचे थे, वहां डॉक्टर ने भोपाल रेफर कर दिया। भोपाल के निजी अस्पताल में इलाज के दौरान बुधवार सुबह उसकी मौत हो गई। मरने से पूर्व उसके बयान नहीं हो सके थे। सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन से पूछताछ की गई थी, लेकिन शोकाकुल परिजन अभी बयान देने की स्थिति में नहीं है।**



एसआई पीआर धुर्वे ने बताया कि अंजली दांगी पिता स्वर्गीय धर्मेंद्र दांगी (13) गांव भैंसोदा, बैरसिया में रहती थी। वह कान्वेंट स्कूल में आठवीं कक्षा में पड़ती थी और पड़ने में होनहार थी। उसके ताऊ बहादुर सिंह ने बताया कि वे मंगलवार रात मंदिर में चल रहे सुंदर कांड में गए थे। वहां से रात करीब एक बजे लौटे तो अंजली उल्टियां कर रही थी। उल्टियों में उन्हें जहरीले पदार्थ की बदबू आई और वह अंजली को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। स्थिति बिगड़ती देख डॉक्टर ने अंजली को भोपाल ले जाने की सलाह दी। वे एंबुलेंस की मदद से अंजली को लेकर भोपाल के निजी अस्पताल पहुंचे थे। वहां बुधवार सुबह अंजली की मौत हो गई।

### इधर, नव विवाहिता ने फांसी लगा की आत्महत्या

इसी थाना क्षेत्र स्थित गांव ललरिया में बुधवार शाम नव विवाहिता ने फांसी लगा ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने नव विवाहिता का शव बरामद कर पीएम के लिए हमीदिया अस्पताल भेज दिया है। गुरुवार को उसका पीएम कराने के बाद मायके और ससुराल पक्ष के बयान दर्ज किए जाएगे। एएसआई हेमंत सिंह ने बताया कि ललरिया निवासी मुस्कान बी पति अरमान अली (22) की शादी को दस महीने ही हुए थे। उसका मायका और ससुराल आसपास ही है। बुधवार शाम करीब साढ़े 5 बजे के आसपास मुस्कान ने फांसी लगा ली। उसके पिता हकीम खान ने थाने पहुंचकर सूचना दी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, लेकिन सुसाइड नोट नहीं मिला है।

### युवक ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

बजरिया इलाके एक युवक ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पीएम कराने के बाद लाश परिजन को सौंप दी है। पुलिस के मुताबिक अनिल ठाकुर (24) पुरुषोत्तम नगर सेमरा में रहता था और मिस्त्री का काम करता था। करीब सात महीने पहले उसकी शादी हुई थी, लेकिन पत्नी राखी का त्यौहार मनाने इन दिनों मायके गई हुई थी। परिवार के लोग भाभी की डिलेवरी के कारण अस्पताल में थे। मंगलवार-बुधवार रात अनिल ने घर में फांसी लगा ली। बुधवार सुबह करीब आठ बजे बहन उसे ऊपर वाले कमरे में देखने पहुंची तो वह फंदे पर लटका मिला। तलाशी लेने पर मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### खानूगांव चौराहा पर फांसी के फंदे पर लटका मिला युवक का शव

कोहेफिजा थाना क्षेत्र स्थित खानूगांव चौराहा के पास पेड़ पर फांसी से लटका युवक का शव बरामद किया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम के लिए भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को सूचना मिली कि खानूगांव चौराहे से पहले वीआईपी रोड स्थित बड़े तालाब किनारे एक युवक का शव फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान दीपक कुशवाह (28) निवासी खानूगांव के रूप में हुई है। वह वल्लभ भवन में काम करता था। तलाशी लेने पर मृतक के पास कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। परिजन के बयान होने के बाद ही फांसी लगाने के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

### आरोपी दो साल से कर रहे थे परेशान

# रेलवे के चीफ ट्रैफिक कंट्रोलर से महिला और सहकर्मी ने की अड़ीबाजी, केस दर्ज

## पुलिस ने दर्ज किया ब्लेकमेलिंग और षडयंत्र रचने का मामला

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

गोविंदपुरा पुलिस ने रेलवे के चीफ ट्रैफिक कंट्रोलर की शिकायत पर सहकर्मी और उसकी महिला मित्र पर अड़ीबाजी समेत षडयंत्र रचने की धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। दअरसल, अड़ीबाजी उनके साथ नौकरी करने वाला अन्य ट्रैफिक कंट्रोलर अपनी महिला मित्र के साथ मिलकर अब तक पचास हजार रुपए ऐंठ चुका था। आरोपियों की लगातार डिमांड बड़ने से चीफ ट्रैफिक कंट्रोलर परेशान थे और उन्होंने पुलिस को शिकायती आवेदन दिया था। पुलिस ने शिकायती आवेदन देने के बाद जांच की और आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जाएगा। पुलिस के अनुसार संजय कटारे (52) शक्ति नगर गोविंदपुरा में



रहते हैं और रेलवे में चीफ ट्रैफिक कंट्रोलर है। उन्होंने करीब तीन महीने पहले अपनी पत्नी के साथ पुलिस थाने पहुंचकर शिकायती आवेदन दिया था। आवेदन और बयान के माध्यम से उन्होंने बताया था कि साथ नौकरी करने वाले निपेंद्र और उनकी महिला मित्र काजल उनके साथ अड़ीबाजी कर रही है। काजल से संजय कटारे की मुलाकात निपेंद्र के कारण हुई थी। काज कहती थी कि वह झूठे केस में फंसा देगी और जेल भेज देगी। वह कहती थी कि मेरा यह बच्चा तुम्हारा है। इस पूरे प्रकरण में षडयंत्र निपेंद्र के साथ मिलकर काजल ने रचा था। दोनों आरोपी संजय से अब तक पचास हजार रुपए की अड़ीबाजी कर चुके थे और उनकी डिमांड लगातार बढ़ती जा रही थी। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज करने के बाद उक्त कार्रवाई की है।

## बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा





भोपाल। सुबह हुई बारिश से राजधानी का मौसम खुशनुमा हो गया है।

### बुजुर्ग की हत्या मामले में आरोपी को आजीवन कारावास

**भोपाल।** मकान पर कब्जा करने की नीयत से मकान मालिक से मारपीट कर हत्या करने वाले श्याम सिंह निवासी है। आरोपी को राजधानी की अदालत ने आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला एडीजे स्मृता सिंह ठाकुर की कोर्ट में सुनाया है।

# स्कूल बस ने चौकीदार को मारी टक्कर, सिर से पहिया गुजरने के कारण हुई मौत

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

शाहपुरा थाना क्षेत्र स्थित औरा माल के पास मुख्य चौराहा पर तेज रफ्तार बस ने चौकीदार को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से चौकीदार सड़क पर गिर गया। इस दौरान बस का पहिया सिर पर से गुजरने के कारण उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर वहां मौजूद फल व्यापारी की शिकायत पर बस चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस बस के नंबर के आधार पर उसकी तलाश कर रही है। पुलिस के अनुसार भरत बहादुर थापा पिता दल बहादुर थापा होली होम्स गुलमोहर शाहपुरा में रहता था और वहीं चौकीदार करता था। बुधवार सुबह करीब साड़े 7 बजे के आसपास वह औरा माल चौराहा से गुजर रहा था, तभी स्कूल की बस ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिर गया था। उसके गिरते ही बस चालक ने लापरवाही से बस आगे बड़ा दी और बस का पहिया भरत बहादुर के सिर से होता हुआ गुजर गया। घटनास्थल से थोड़ी ही दूर फल का ठेला लगाने वाले इकबाल खान ने पुलिस को घटना की जानकारी दी थी। उसने पुलिस को बस का नंबर भी दिया है। पुलिस का कहना है कि भरत बहादुर यहां अकेले रहते थें और चौकीदारी करते थे। घटना की जानकारी उनके परिजन को दे दी गई है। वे भोपाल के लिए निकल गए हैं। उनके भोपाल पहुंचने पर पीएम कराया जाएगा।

### दोस्त की हत्या के केस में उम्रकैद की सजा

**भोपाल।** शराब के नशे में हंगामा कर रहे दोस्त की हत्या करने वाले आरोपी को राजधानी की अदालत ने आजीवन कारावास और जुर्माने की सजा सुनाई है। यह फैसला एडीजे अमित रंजन समाधिया की कोर्ट ने सुनाया है। आरोपी ने तकिए से दोस्त का मुंह दबाकर हत्या की और उसे सर्पदंश दिखाने के लिए मरा हुआ सांप लाकर पास में रख दिया था। इसके बाद खुद ही पुलिस को सूचना दी थी। शिव नगर जाटखेड़ी निवासी नवल सिंह शराब पीने के बाद हंगामा कर रहा था। आरोपी संदीप वाघमारे ने बताया कि उसे शांत करना चाहा, लेकिन जब वह नहीं माना तो उसे गिराकर तकिए से मुंह दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई।

### भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के तहत शुरु होना है गर्डर लॉचिंग का काम

# फिर अलर्ट: इन इलाकों में एक महीने तक परिवर्तित रहेगा यातायात

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

भोपाल मेट्रो रेल परियोजना के तहत हबीबगंज नाका के पास पिलर क्रमांक 64 से पिलर क्रमांक 66 गणेश मंदिर के सामने तक रेलवे ट्रैक के ऊपर 65 मीटर स्टील (आरओबी) गर्डर लांचिंग का काम शुरू किया जाना है। काम के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से अगले एक महीने 5 अक्टूबर 23 तक हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहे तक मार्ग पूर्णतः बंद रहेगा। इस दौरान परिवर्तित मार्ग से यातायात का संचालन होगा। इस दौरान हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहे तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बंद रहेगा।

आईएसबीटी या हबीबगंज नाका से आरआरएल तिराहा एवं एम्स हॉस्पिटल की ओर जाने वाले वाहन सांची पार्लर बूथ केन्द्र के सामने वाले मार्ग से कस्तूरबा हॉस्पिटल, डीआरएम ऑफिस तिराहा, शक्तिनगर चौराहा, बीएसएनएल चौराहा (एम्स रोड) होकर आरआरएल तिराहा एवं एम्स की ओर जा सकेंगे। इसी प्रकार आरआरएल तिराहा एवं एम्स हॉस्पिटल से आईएसबीटी या हबीबगंज नाका की ओर जाने वाले वाहन बीएसएनएन चौराहा से शक्तिनगर, डीआरएम ऑफिस तिराहा, कस्तूरबा हॉस्पिटल से सांची पार्लर बूथ केन्द्र होकर आईएसबीटी या हबीबगंज नाका की ओर जा सकेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने आम जनता से अनुरोध किया है कि वह परिवर्तित मार्ग का उपयोग करें और किसी प्रकार की असुविधा होने पर यातायात हेल्पलाईन फोन नंबर-0755-2677340, 2443850 पर संपर्क कर सकते हैं।




## मेट्रो एंकर

### बागसेवनिया पुलिस ने आठ मोबाइल जब्त किए

# भीड़ वाले क्षेत्र से मोबाइल चुराने वाले दो गिरफ्तार

**भोपाल, दोपहर मेट्रो**

बागसेवनिया पुलिस ने भीड़भाड़ वाले इलाकों में मोबाइल फोन चोरी करने वाले दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से चोरी के कुल 8 मोबाइल फोन जब्त किया गए हैं, जिनकी कीमत करीब सवा लाख रुपए बताई गई है। बरामद हुए दो मोबाइल फोन बदमाशों ने बागसेवनिया इलाके से ही चोरी किए थे। आरोपियों से मोबाइल चोरी की अन्य वारदातों का पता लगाया जा रहा है।

पुलिस के मुताबिक रघुनाथ पाटिल (43) नया बसेरा कोटरा सुल्तानाबाद में रहते हैं और अंडे का ठेला लगाते हैं। रविवार की रात करीब साढें आठ बजे वह काम से बागसेवनिया बाजार पहुंचे थे, तभी



किसी ने उनकी जेब से मोबाइल फोन चोरी कर लिया। इसी प्रकार रितेश गर्ग (38) मूलतः सागर का रहने वाला है। एक सितंबर को वह भोपाल आया था। बागसेवनिया स्थित शराब दुकान के पास सामान खरीदते समय उसकी जेब से मोबाइल फोन चोरी हो गया था।

### आरोपी बिना नंबर की गाड़ी चलाते थे

पुलिस ने चोरों के खिलाफ केस दर्ज किया था। उसके बाद आरोपियों की तलाश में एक विशेष टीम लगाई गई थी। बुधवार को मुखबिर से सूचना मिली कि हबीबगंज नाका स्थित बस स्टाप के पास मौजूद दो युवक सस्ते दामों पर मोबाइल बेचने के लिए घूम रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने उन्हें हिरासत में लेकर तलाशी तो उनके पास चोरी के 8 मोबाइल बरामद हुए। आरोपियों के नाम मोहम्मद अली और सबर अली उर्फ हैदर बताए। दोनों तलैया इलाके के रहने वाले बताए गए हैं। दोनों आरोपी बिना नंबर का स्कूटर पर सवार होकर भीड़भाड़ वाले स्थानों और हाट बाजारों में लोगों की जेब से मोबाइल चोरी कर लेते थे।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022